# गोवायार्ड दर्शन

**अक्तूबर** 2023 - **मार्च** 2024




## गोवा शिपयार्ड लिमिटेड

शिपयार्डों में उत्कृष्ट कार्य निष्पादक शिपयार्ड




गवर्नेस नाउ 10वें पीएसयू अवॉर्ड के दौरान गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को उनके उल्लेखनीय नेतृत्व एवं समर्पण हेतु 'सीएमडी लीडरशिप अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। गोशिलि की ओर से अप्रनि के कार्यपालक सहायक ने पूर्व डीजीपी श्रीमती निर्मल कौर एवं पद्मश्री डॉ. संजीव बगई के हाथों से पुरस्कार ग्रहण किया।




गवर्नेस नाउ 10वें पीएसयू अवॉर्ड के दौरान गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के उसकी सीएसआर प्रतिबद्धता, एचआर उत्कृष्टता और कम्युनिकेशन आउटरीच के लिए सम्मानित किया गया। गोशिलि की ओर से श्री एम. कलयरसन, अपर महाप्रबंधक (प्रशासन) ने पूर्व डीजीपी श्रीमती निर्मल कौर एवं पद्मश्री डॉ. संजीव बगई से पुरस्कार ग्रहण किया।

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के आशीर्वचन



प्रिय साथियों,

हमारे दृढ़ संकल्प और समर्पण के बल पर हमने अपनी क्षमताओं का विकास कर गोवा शिपयार्ड लिमिटेड को एक नए मुकाम तक पहुंचाया है। हमारे संगठन का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में उच्चतम मानकों को स्थापित करना है। हमें गर्व है कि हमारी टीम संगठन के मूल्यों को बढ़ाने में सक्षम हैं और साथ ही हमारे संगठनात्मक कौशल को बढ़ावा देने के लिए तथा उत्कृष्टता के उच्चतम शिखर को प्राप्त करने के लिए हमारी प्रेरणा का स्रोत है। हमारी टीम के सभी सदस्यों के प्रयासों से हमने एक सशक्त और समर्पित संगठन का निर्माण किया है।

गोवा शिपयार्ड की उन्नति के लिए हम सबने मिलकर इस लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में कठिन परिश्रम किया है। हमने समर्पित और साझेदारी के भाव से काम करके हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। हमारे सभी कर्मचारियों का योगदान इस सफलता के लिए अविस्मरणीय है। हमारे उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए हमने अनेक नित नए प्रयास किए हैं, जिसके फलस्वरूप न केवल हमारे अनुभवों में वृद्धि हुई है बल्कि हमारी विशेषज्ञता और मान्यता भी बढ़ी है।

सभी सरकारी संगठनों की तरह गोवा शिपयार्ड में हिंदी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना एक महत्वपूर्ण कार्य है। राजभाषा हिंदी का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है और हमारे संगठन में इसे उचित स्थान मिलना चाहिए। हमें सभी को समान अवसर और सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए, चाहे वह हिंदी भाषा में व्यवहार करने वाले हों या अन्य भाषा में। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक कर्मचारी आत्मनिर्भरता से हिंदी भाषा का उपयोग कर सके और अपने कार्यों को सरल और सहज तरीके से समझ सके। हम सभी को हिंदी के माध्यम से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं ताकि राजभाषा हिंदी के क्रियान्वयन में प्रगति हो सके।

यह प्रसन्नता का विषय है कि हमारी गृह पत्रिका 'गोवायार्ड दर्शन' का 21वां अंक प्रकाशित किया जा रहा है। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी रचनाओं हेतु तथा राजभाषा अनुभाग की पूरी टीम को उनके प्रयासों के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

**बृजेश कुमार उपाध्याय**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**

# निदेशक की कलम से



हिंदी बहुत सरल और सहज भाषा होने के साथ साथ विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और जानने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जो हमारे पारम्परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु का काम भी करती है। हमारी भाषा हमारी सोच का प्रतिनिधित्व करती है। अत: हिंदी भाषा के रूप में हमारी राजभाषा की महत्ता को बढ़ावा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

संविधान ने हमें अपनी भाषा चुनने का अधिकार दिया है और हिंदी भाषा हमारी राष्ट्रीय एकता और विश्वस्तरीय उत्कृष्टता की पहचान है। हमें यह समझना होगा कि हमारी भाषा का सम्मान करना हमारी सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है और हमें इसे सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए। अत: हमें इसे बढ़ावा देने के लिए एक साथ मिलकर काम करना चाहिए। विशेषकर, वर्तमान में यह और भी आवश्यक हो गया है कि हम हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दें और इसे हमारे आधिकारिक भाषा के रूप में अधिक प्रोत्साहित करें।

बड़े हर्ष का विषय है कि हमारी गृह पत्रिका 'गोवायार्ड दर्शन' का यह 21वां अंक प्रकाशित किया जा रहा है। मैं सभी कार्मिकों एवं राजभाषा अनुभाग को उनके प्रयासों के लिए बधाई देता हूँ।

'गोवायार्ड दर्शन' के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं।

**कैप्टन (निवृत्त) जगमोहन**
**निदेशक (नियोप एवं व्यावि)**

# दो शब्द



हमारे देश में लोगों के बीच संवाद और सूचना का सबसे सरल और सहज माध्यम हिंदी है। हिंदी भाषा के प्रसार से पूरे देश में एकता की भावना और मजबूत होगी। भाषा की प्रगति लोगों के प्रयोग पर निर्भर करती है और एक संपर्क भाषा के रूप में हिंदी सबसे बेहतर विकल्प है। अत: हम सबको साथ मिलकर इसका प्रचार करना चाहिए। भारत सरकार द्वारा भी राजभाषा विभाग के माध्यम से हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

गोवा शिपयार्ड में राजभाषा हिंदी की प्रगति के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं। प्रोत्साहन और प्रशिक्षण के माध्यम से सभी कार्मिकों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाता है। सभी कार्मिकों की अभिव्यक्ति के लिए हिंदी पत्रिका 'गोवायार्ड दर्शन' का प्रकाशन किया जाता है। गोवा शिपयार्ड में हमारा प्रयास है कि राजभाषा हिंदी का एक अनुकूल वातावरण तैयार किया जाए, जिसमें हम अपना प्रत्येक कार्य हिंदी में आसानी से कर सकें।

राजभाषा अनुभाग के मेहनत और समर्पण से 'गोवायार्ड दर्शन' के 21वें अंक के माध्यम से हमारे प्रयासों की एक झलक आप लोगों के समक्ष पहुंचाने की कोशिश है।

'गोवायार्ड दर्शन' के सफल प्रकाशन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

**शशिकांत शिवाजी कांबले**
**विभाग प्रमुख (मा सं एवं प्रशा)**

# संपादकीय



मानव जाति अपने सृजन से ही स्वयं को अभिव्यक्त करने के तरह–तरह के माध्यम खोजती रही है। आपसी संकेतों के सहारे एक–दूसरे को समझने की ये कोशिशें अभिव्यक्ति के सर्वोच्च शिखर पर तब पहुँच गई जब भाषा का विकास हुआ। भाषा लोगों को आपस मे जोड़ने का सबसे सरल और जरूरी माध्यम है। भारत की प्राचीन भाषा संस्कृत रही है और इसी भाषा के विभिन्न काल खंडों में अलग–अलग स्वरूपों में हुए वियोजन से हिंदी का विकास हुआ है। एक भाषा के रूप में अगर हिंदी भाषा की विकास यात्रा की बात करें तो यह एक लंबी और सतत प्रक्रिया है। एक भाषा के विकास में उस समाज और संस्कृति की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है जहाँ पर ये बोली जाती है। हिंदी भाषा के विकास में भी समाज और संस्कृति की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।

भारतीय विचार और संस्कृति का वाहक होने का श्रेय हिंदी को ही जाता है। भारतीय भाषाओं में केवल हिंदी ही एक ऐसी भाषा है जिसे राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाया जा सकता है क्योंकि यह अधिकांश भारतीयों द्वारा बोली जाती है। हिंदी समस्त भारत में आर्थिक, धार्मिक और राजनीतिक सम्पर्क माध्यम के रूप में प्रयोग के लिए सक्षम है तथा इसे सारे देश के लिए सीखना आवश्यक है। आज पूरी दुनिया भर के विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा पढ़ाई जा रही है। ज्ञान–विज्ञान की पुस्तकें बड़े पैमाने पर हिंदी में लिखी जा रही है। सोशल मीडिया और संचार माध्यमों में हिंदी का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है।

हिंदी के इस महत्व को देखते हुए तकनीकी कंपनियां इस भाषा को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही हैं। यह खुशी की बात है कि सूचना प्रौद्योगिकी में हिन्दी का इस्तेमाल बढ़ रहा है। आज वैश्वीकरण के दौर में, हिंदी विश्व स्तर पर एक प्रभावशाली भाषा बनकर उभरी है। आज संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं में भी हिंदी की गूंज सुनाई देने लगी है। विश्व हिंदी सचिवालय विदेशों में हिंदी का प्रचार–प्रसार करने और संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने के लिए कार्यरत है। उम्मीद है कि हिंदी को शीघ्र ही संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा का दर्जा भी प्राप्त हो सकेगा।

गोवा शिपयार्ड ने राजभाषा के प्रति सम्मान एवं कर्तव्यनिष्ठा की भावना का परिचय देते हुए एक विशिष्ट स्थान बनाया है। आपके समक्ष 'गोवायार्ड दर्शन' का 21वां अंक प्रस्तुत करते हुए मुझे हर्ष की अनुभूति हो रही है। हमारी गृह–पत्रिका गोवा शिपयार्ड के विविध क्रियाकलापों के विभिन्न आयामों को दर्शाती है और साथ ही हमारे कार्मिकों को रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए मंच प्रदान करती है। 'गोवायार्ड दर्शन' का वर्ष में दो बार प्रकाशन राजभाषा हिंदी के प्रचार–प्रसार की दिशा में हमारा सार्थक प्रयास है। आपकी प्रतिक्रिया एवं बहुमूल्य सुझावों की हमें प्रतीक्षा रहेगी।

शुभकामनाओं सहित...

**राजेन्द्र कुमार शर्मा**
**वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा)**

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री बृजेश कुमार उपाध्याय | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक | अध्यक्ष |
| 2. | कैप्टन (निवृत्त) जगमोहन | निदेशक (नियोप एवं व्यावि) | सदस्य |
| 3. | श्री सुनील शिवलिंग बागी | निदेशक (वित्त) | ,, |
| 4. | श्री संजय कृष्ण नव्हाले | मुख्य सतर्कता अधिकारी | ,, |
| 5. | श्री क्लिफ़र्ड परेरा | मुख्य महाप्रबंधक (योजना एवं परियोजना नियंत्रण) | ,, |
| 6. | श्री पी. रविन्द्रन | महाप्रबंधक (उत्पादन) | ,, |
| 7. | कमोडोर (निवृत्त) ए. वासुदेवन | महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं) | ,, |
| 8. | श्री एम. सुब्रमण्यम | महाप्रबंधक (परियोजना प्रापण) | ,, |
| 9. | श्री सुनील पी. यादव | महाप्रबंधक (परियोजना, वित्त एवं लेखा) | ,, |
| 10. | श्री देवानंद एस. पाटेकर | महाप्रबंधक (उत्पादन – तटरक्षक परियोजना) | ,, |
| 11. | श्री वी. के. देशपांडे | महाप्रबंधक (सा. इं. से. एवं ज. म.) | ,, |
| 12. | श्री आनंद मुर्शिली | महाप्रबंधक (निगमित वित्त) | ,, |
| 13. | श्री नागेश डी. पई | महाप्रबंधक (उत्पादन – नौसेना परियोजना) | ,, |
| 14. | कमांडर (निवृत्त) सौरभ जैन | महाप्रबंधक (योजना एवं परियोजना नियंत्रण) | ,, |
| 15. | श्री शशिकांत शिवाजी कांबले | विभाग प्रमुख (मानव संसाधन एवं प्रशासन) | ,, |
| 16. | दत्तप्रसाद नरहरि भट | विभाग प्रमुख (गु आ एवं वि) | ,, |
| 17. | श्री विवेक के. सैल | विभाग प्रमुख (बाह्यस्त्रोत) | ,, |
| 18. | श्री प्रकाश लक्ष्मण गावडे | विभाग प्रमुख (शिपयार्ड आधुनिकीकरण परियोजना) | ,, |
| 19. | श्री किशोर सामंत | अपर महाप्रबंधक (विधि) | ,, |
| 20. | श्रीमती छाया जैन | अपर महाप्रबंधक – कंपनी सचिव | ,, |
| 21. | श्री एम. कलयरसन | अपर महाप्रबंधक (प्रशासन) | ,, |
| 22. | डॉ. वेदपाल तारी | अपर महाप्रबंधक (चिकित्सा) | ,, |
| 23. | कमांडर (निवृत्त) हरिकृष्णन | अप्रनि के तकनीकी सहायक | ,, |
| 24. | श्री सनोज कुमार पांडे | उप महाप्रबंधक (आंतरिक लेखा परीक्षा) | ,, |
| 25. | श्री विभु सिंह प्रतिहार | उप कमांडेंट (केऔसुब) | ,, |
| 26. | श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा | वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) | सदस्य सचिव |

## संपादक मंडल

■ संरक्षक ■
**श्री बृजेश कुमार उपाध्याय**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

■ मार्गदर्शक ■
**कैप्टन (निवृत्त) जगमोहन**
निदेशक (नियोप एवं व्यावि)

**श्री शशिकांत शिवाजी कांबले**
विभाग प्रमुख (मानव संसाधन एवं प्रशासन)

■ संपादक ■
**श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा**
वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा)

■ सहयोगी गण ■
हिंदी अनुभाग

■ विशेष सहयोग ■
जनसंपर्क अनुभाग

(इस पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं में व्यक्त विचारों से गोशिलि का सहमत होना आवश्यक नहीं है। यह रचनाकारों के अपने विचार हैं।)

पत्रिका डिज़ाइन
**द बालाजी ऑफसेट**
ईमेल: thebalajioffset95@gmail.com
मो. +91 99244 75211

## अनुक्रमणिका

| | |
|---|---|
| ✦ अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के आशीर्वचन | 01 |
| ✦ निदेशक की कलम से | 02 |
| ✦ दो शब्द | 03 |
| ✦ संपादकीय | 04 |
| ✦ एमआयपीएल इवेन्टस | 07 |
| **मेडिकल** | |
| ✦ किसानों के लिए आयुर्वेद | 08 |
| ✦ प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण | |
| ✦ स्तन कैंसर जांच शिविर | 09 |
| ✦ रक्तदान शिविर | |
| ✦ योग संबंधी जागरूकता सत्र | 10 |
| ✦ विश्व एड्स दिवस 2023 | |
| **शिपयार्ड में हिंदी के बढ़ते कदम** | |
| ✦ हिंदी पखवाड़ा 2023 | 11-17 |
| ✦ विश्व हिंदी दिवस 2024 | 18-19 |
| ✦ राकास की बैठक – हिंदी गृह पत्रिका का विमोचन | 20 |
| ✦ नराकास की बैठक | 21 |
| **उत्सवों से सराबोर शिपयार्ड** | |
| ✦ सतर्कता जागरूकता सप्ताह | 22-25 |
| ✦ स्वच्छता पखवाड़ा | 26-31 |
| ✦ गणतंत्र दिवस | 32-33 |
| ✦ 'रन फॉर यूनिटी एंड फिट इंडिया फ्रीडम रन' | 34 |
| ✦ तैराकी प्रशिक्षण शिविर | 35 |
| ✦ क्रिकेट टूर्नामेंट | 36-37 |
| **प्रशिक्षण** | |
| ✦ सुरक्षा एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम | 38 |
| ✦ एनडीटी स्तर-II संबंधी तकनीकी प्रशिक्षण | |
| ✦ पेंट शॉप संबंधी ब्लास्टिंग एवं पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम | 39 |
| ✦ श्रमिकों के लिए शिक्षा कार्यक्रम | |
| ✦ नवनियुक्त कर्मचारियों के लिए प्रेरक कार्यक्रम | 40 |
| ✦ नवनियुक्त पर्यवेक्षकों के लिए प्रेरक कार्यक्रम | |
| ✦ महिला कर्मचारियों के लिए कार्यक्रम | 41 |
| ✦ गोशिलि कर्मचारियों और ठेकेदारों के लिए ईएसआय कार्यक्रम | |
| **आलेख** | |
| ✦ आधुनिक युग में हिंदी के बढ़ते कदम | 42-43 |
| ✦ चुभते सवाल | 44-45 |
| ✦ जरा सोच समझकर | 46 |
| **काव्यांजलि** | |
| ✦ औरत दिन भर घर में करती क्या है ? | 46 |
| ✦ वक्त का खेल | 47 |
| ✦ तुमसे मिलने आया हूँ | 47 |
| ✦ सच्चा दिलदार | 48 |

# एम आय पी एल इवेन्ट्स




गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (गोशिलि), भारत की एक प्रमुख जहाज निर्माण कंपनी, ने समुद्री क्षेत्र में विशेष रूप से समुद्री संचार और नेविगेशन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्वदेशी अनुसंधान और विकास प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए मैरिट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एमआईपीएल) के साथ 4 अक्टूबर, 2023 को हाथ मिलाया है। इस सहयोग से रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय द्वारा मई, 2023 में घोषित चतुर्थ सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (4थी पीआयएल) जिसमें सीओटीएस एक्स बैंड रडार, एस बैंड रडार और फायबर ऑप्टीक्स जायरो शामिल है, के सफल स्वदेशीकरण में मदद मिलेगी। यह साझेदारी भारत सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अनुरूप है। एक तार्किक प्रगति में, गोशिलि और एमआईपीएल ने गर्व से दक्षिण एशिया में प्रमुख समुद्री प्रदर्शनी और सम्मेलन, आयएनएमईएक्स एसएमएम इंडिया में ईडीजीई ब्रांड का अनावरण किया। उक्त उत्पाद लॉन्च समारोह में आईजी एचके शर्मा, डीडीजी (तकनीकी), वेस्टर्न सीबोर्ड, भारतीय तटरक्षक, श्री बृजेश कुमार उपाध्याय, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड और डीआइजी सुधीर साहनी सीएसओ (तकनीकी) भारतीय तटरक्षक की विशेष उपस्थिति थी। आयएनएमईएक्स एसएमएम इंडिया इवेंट के दौरान, गोशिलि और एमआयपीएल ने राडार, एफओजी और ईसीडीआयएस सहित स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित ईडीजीई उत्पादों की एक विविध श्रृंखला का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से, ईडीजीई राडार में सॉलिड-स्टेट और मैग्नेट्रोन-आधारित स्कैनर शामिल हैं और यह नेविगेशन और सुरक्षा को बढ़ाते हुए, पुल से परे स्थानों से वायरलेस तरीके से निगरानी कर सकते है। दूसरी ओर, ईडीजीई एफओजी एक अत्याधिक सटीक, कॉम्पैक्ट और रखरखाव-मुक्त समुद्री फाइबर ऑप्टिक्स जायरोकम्पास (एफओजी) है। इस बीच, ईडीजीई ईसीडीआयएस कई क्षेत्रीय और राष्ट्रीय भाषाओं के समर्थन के साथ यूजर फ्रेंडली, फ्युचर नेविगेशनल सिस्टम का प्रतिनिधित्व करता है।

श्री बृजेश कुमार उपाध्याय गोशिलि अप्रनि, ने कहा कि, 'मेक इन इंडिया' के दृष्टिकोण और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के विकास को जारी रखते हुए, गोशिलि ने नेविगेशन और संचार उपकरण के क्षेत्र में स्वदेशी समाधान प्रदान करने के लिए एमआईपीएल के साथ साझेदारी की है। इस सहयोगात्मक प्रयास से इस विशेष योग में देश की क्षमताओं को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे हमारी विदेशी निर्माताओं पर निर्भरता कम हो जाएगी। इसमें सरकार के 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' का उद्देश्य संरेखित होकर, इस उत्पाद श्रेणी में हमारी निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने का भी सामर्थ्य है। श्री वेंकटेशन एन., निदेशक, मैरिट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा कि, ''आने वाले वर्ष में, हमारा लक्ष्य हमारे ईडीजीई ब्रांड के माध्यम से भारत से निर्यात बढ़ाने पर होगा। हमारा लक्ष्य है कि गोशिलि के साथ हमारे सहयोग और चेन्नई में अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा की स्थापना के माध्यम से इसे प्राप्त करें। हमें अपने लगभग सभी समुद्री नेविगेशन एनालॉग रडार स्कैनर निर्बाध एकीकरण पर बहुत गर्व है। इसके अतिरिक्त, हमारा फाइबर ऑप्टिक जायरो और ईसीडीआईएस को भारतीय शिपिंग रजिस्टर (आयआरएस) से टाइप मंजूरी मिल गई है जो हमारी समुद्री नेविगेशन उद्योग में उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। गोशिलि और मैरिट्रॉनिक्स इंडिया के बीच साझेदारी समुद्री उद्योग में एक परिवर्तनकारी शक्ति बनने के लिए तैयार है, जो भारतीय समुद्री क्षेत्र में नवाचार, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी विकास को बढ़ावा देगा।

# मेडिकल सीएसआर कार्यक्रम



## ✻ किसानों के लिए आयुर्वेद ✻

गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा 8 नवंबर 2023 को 'किसानों के लिए आयुर्वेद' पर एक परियोजना शुरू की गई और इसका उद्‌घाटन गोवा के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने किया। परियोजना में किसानों के लिए आयुर्वेद के महत्व, आज के जीवन में औषधीय पौधों के महत्व, स्वस्थ जीवन शैली के लिए पोषणीय अनाज के महत्व और स्वस्थ जीवन शैली से कैंसर की रोकथाम विषय पर जागरूकता और प्रदर्शन सत्र शामिल किए गए। परियोजना के उद्‌घाटन सत्र में डिचोली तालुका के 50 किसानों ने भाग लिया।

## ✻ प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण ✻





गोशिलि सीएसआर पहल के स्वरूप, गोवा के शिक्षकों और फिजियोथेरेपिस्टों के लिए एक वरिष्ठ प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण गोवा शिक्षा निदेशालय और लायंस क्लब, फोंडा के सहयोग से इस उद्देश्य के साथ आयोजित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में स्कूलों में विशेष चिकित्सा सहायता प्राप्त होने से पूर्व प्राथमिक चिकित्सा प्राप्त करने के लिए स्कूल के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाए।

प्रशिक्षण का संचालन सेंट जॉन एम्बुलेंस एसोसिएशन, गोवा के प्रमाणित प्रशिक्षक डॉ. जोर्सन फर्नांडीस द्वारा किया गया। इसके तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पहला प्रशिक्षण तीसवाडी तालुका के शिक्षकों के लिए 31 जनवरी से 01 फरवरी तक पणजी में आयोजित किया गया, सालसेत तालुका के शिक्षकों के लिए दूसरा प्रशिक्षण कार्यक्रम 07 से 09 फरवरी तक मडगांव में आयोजित किया गया और तीसरा प्रशिक्षण कार्यक्रम गोवा के विशेष स्कूलों के शिक्षकों और फिजियोथेरेपिस्टों के लिए 20-22 फरवरी तक आयोजित किया गया। सेंट जॉन एम्बुलेंस एसोसिएशन द्वारा फिजियोथेरेपिस्ट सहित कुल 126 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

# * स्तन कैंसर जांच शिविर *





कैंसर कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और फैलाव है, जो शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है। ये वृद्धि अक्सर आसपास के टिश्यूओं पर आक्रमण करती है और दूर के स्थानों पर मेटास्टेसिस करती है। यदि, कैंसर का प्रारंभिक चरण में पता चल जाए तो इसका इलाज संभव है। महिलाओं में स्तन कैंसर भारत में कैंसर का सबसे आम रूप है। जागरूकता और निवारक जांच स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने और समय पर उपचार सुनिश्चित करती है। 'यू वी कैन' के समर्थन से गोशिलि स्वास्थ्य संवर्धन पहल के स्वरूप और गोवा सरकार की 'स्वस्थ महिला, स्वस्थ गोवा' अभियान के तहत गोशिलि एवं केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सभी महिला कर्मचारियों के लिए निवारक स्तन कैंसर जांच और पहचान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्तन घाव का पता लगाने के लिए यह स्क्रीनिंग पूरी तरह से वायरलेस मॉड में होगी। दिनांक 12 दिसंबर 2023 को गोशिलि महिला कर्मचारियों और अनुबंध कर्मचारियों के लाभ के लिए गोशिलि में स्तन कैंसर का पता लगाने वाला शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर 'यू वी कैन फाउंडेशन' के सहयोग से लायंस क्लब, वास्को–द–गामा के तत्वावधान आयोजित किया गया था। इसमें 76 महिला कर्मचारियों की स्तन कैंसर की जांच की गई।

# * रक्तदान शिविर *

गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के मेडिकल विभाग ने गोशिलि ऑफिसर्स एसोसिएशन के सहयोग से 17 फरवरी 2024 को गोशिलि कर्मचारियों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में उत्साह दिखाते हुए इस नेक काम में बढ़–चढ़कर भाग लिया। शिविर में कुल 100 दाताओं ने रक्तदान किया।



## ✻ योग संबंधी जागरूकता सत्र ✻




योग एक अभ्यास है, जो शरीर, सांस और दिमाग को जोड़ता है। इसमें समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए शारीरिक मुद्राओं, साँस लेने के व्यायाम और ध्यान का उपयोग होता है । योग को हजारों साल पहले हमारे आध्यात्मिक अभ्यास के लिए विकसित किया गया था। आज दुनिया भर में योग को तनाव कम करने और स्वास्थ्य संतुलन बनाए रखने के लिए सर्वोत्तम अभ्यास माना जाता है। योग इंसुलिन स्त्राव में सुधार करता है और मांसपेशियों में रक्त की आपूर्ति बढ़ाता है जिससे ग्लूकोज अवशोषण में सुधार होता है और मधुमेह नियंत्रित होता है। योग शरीर की शक्ति, संतुलन और लचीलेपन में सुधार करता है और पीठ दर्द से राहत देता है। योग तनाव को प्रबंधित करने में मदद करता है, बेहतर नींद के लिए अच्छी मानसिक स्थिति बनने में मदद करता है और हृदय के समग्र स्वास्थ्य में सुधार लाता है। गोशिलि कर्मचारियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए दैनिक जीवन में योग के महत्व पर एक जागरूकता सत्र दिनांक 11 दिसंबर 2023 को दोपहर 2.30 बजे से मल्टीपर्पज हॉल, एमसीएमवी बिल्डिंग में आयोजित किया गया। सत्र का संचालन पतंजलि योगपीठ के प्रसिद्ध योग चिकित्सक डॉ. सूरज कानेकर ने किया।

## ✻ विश्व एड्स दिवस 2023 ✻

गोशिलि में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस 2023 मनाया गया। विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में, दिनांक 14 दिसंबर 2023 को दोपहर 2.30 बजे एवीटी हॉल में गोशिलि कर्मचारियों और सीआईएसएफ कर्मियों के लिए एचआईवी/एड्स पर एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम है – 'समुदायों को नेतृत्व करने दें' । उक्त कार्यक्रम हमसाथ ट्रस्ट, वास्को के सहयोग से आयोजित किया गया।



# हिंदी पखवाड़ा 2023

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की भांति गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में दिनांक 14 से 29 सितंबर 2023 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़ा 2023 का शुभारंभ गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में श्री बृजेश कुमार उपाध्याय, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर श्री क्लिफर्ड परेरा, मुख्य महाप्रबंधक (आयोजना) तथा सभी विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।






हिंदी दिवस 2023 के अवसर पर माननीय गृह मंत्री जी एवं हमारे अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा जारी संदेशों को गोवा शिपयार्ड में दर्शक इंट्रानेट सिस्टम द्वारा सभी कार्मिकों तक पहुंचाया गया, ताकि इन संदेशों से प्रेरणा लेते हुए सरकारी काम–काज में हिंदी के प्रयोग को निरंतर बढ़ाया जा सके।

हिंदी पखवाड़े के दौरान विभिन्न अखिल गोवा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसका विवरण निम्नानुसार है :

### ■ हिंदी निबंध प्रतियोगिता:

**दिनांक 14 सितंबर 2023** को गोशिलि अधिकारियों/पर्यवेक्षकों/कर्मचारियों एवं केऔसुब (गोशिलि ईकाई) के लिए **हिंदी निबंध प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय था **आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हिंदी की भूमिका।**



श्री श्रीधर गावडे
इलेक्ट्रिकल भंडार
प्रथम



श्री फूल सिंह मीणा
हल आउटफिट
द्वितीय



श्री पुष्पेंद्र सिंह खुडसाम
बीएडब्ल्यू
तृतीय

## ■ बात मेरे मन की प्रतियोगिता (हिंदी में):

**दिनांक 14 सितंबर 2023** को अखिल गोवा राज्य स्तरीय छठवीं, सातवीं, आठवीं एवं नौवीं स्कूली बच्चों के लिए **बात मेरे मन की प्रतियोगिता (हिंदी में)** का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 48 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।




कुमारी दृष्टि कुमारी यादव
केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक I,
वास्को-द-गामा
प्रथम



कुमारी निधि निलेश नाईक
पीपल्स उच्च विद्यालय,
पणजी
द्वितीय




अथर्व अनिल भाटकंडे
भारतीय विद्या भवन विद्यालय,
उपासनगर
द्वितीय




कुमारी गौरी मनोज
नेवी चिल्ड्रन स्कूल, चिखली
तृतीय




कुमारी देवयानी सचिन चव्हान
भारतीय विद्या भवन विद्यालय, उपासनगर
तृतीय

## ■ सामान्य हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता:

**दिनांक 15 सितंबर 2023** को गोशिलि अधिकारियों/पर्यवेक्षकों/कर्मचारियों एवं केऔसुब (गोशिलि ईकाई) के लिए **सामान्य हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया।



श्री अभिजीत
फ्रिगेट्स
प्रथम



श्रीमती श्रुति सनी परब
वाणिज्य
द्वितीय



सुश्री संगीता जयंत नाईक
निदेशक (सचिवालय)
तृतीय

## ■ हिंदी भाषण प्रतियोगिता:

**दिनांक 15 सितंबर 2023** को अखिल गोवा राज्य स्तरीय दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं स्कूली बच्चों के लिए **हिंदी भाषण प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय था **चन्द्रयान-3 एक सफल अभियान।** इस प्रतियोगिता में गोवा के विभिन्न विद्यालयों के कुल 39 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।



कुमारी लक्ष्मी मिश्रा
जवाहर नवोदय विद्यालय,
वालपई

प्रथम



आदित्य उमेश नायक
संत जोसेफ इंस्टीट्यूट,
वास्को-द-गामा

द्वितीय



कुमारी तेजल गहोई
नेवी चिल्ड्रन स्कूल,
चिखली

तृतीय

## ■ हिंदी में हस्ताक्षर प्रतियोगिता:

**दिनांक 14 एवं 22 सितंबर 2023** को गोशिलि अधिकारियों/पर्यवेक्षकों/कर्मचारियों के लिए **हिंदी में हस्ताक्षर प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 49 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



श्री प्रमोद कुमार नाग
बाह्यस्त्रोत

प्रथम



श्री हेमंत नरेंद्र चव्हाण
मानव संसाधन एवं प्रशासन

द्वितीय



श्री पुष्पक मुकुंद पागी
वाणिज्य

तृतीय

### ■ हिन्दी में हस्ताक्षर करें ■

हमारे देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री से लेकर मुख्यमंत्री और शीर्षस्थ पदों पर आसीन अधिकारियों तक आत्मविश्वास से भरे हजारों लोग हिंदी में हस्ताक्षर करते हैं। हम और आप जिनका नाम गर्व से लेते हैं और वे हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। राजभाषा हिंदी के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए स्वयं को इन प्रतिष्ठित व्यक्तियों में सम्मिलित करें। राजभाषा हिंदी का गौरव बढाएं।

**आईए... हिंदी में हस्ताक्षर करें।**

## ■ हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता:

**दिनांक 25 सितंबर 2023** को अखिल गोवा राज्य स्तरीय **हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गोवा के विभिन्न सरकारी कार्यालयों/बैंकों/ उपक्रमों से कुल 31 प्रतियोगिता में भाग लिया।



**डॉ. प्रिया रानी**
नेवी चिल्ड्रन स्कूल, चिखली

**प्रथम**



**श्री विशाल नारायण**
आयएनएस हंस, दाबोलिम

**द्वितीय**



**श्री प्रवीण आनंदा पाटील**
गोवा शिपयार्ड लिमिटेड

**तृतीय**



**श्री सुनील कुमार**
प्रधान महालेखाकार कार्यालय

**तृतीय**

## ■ हिंदी भाषण प्रतियोगिता:

**दिनांक 26 सितंबर 2023** को गोशिलि अधिकारियों/पर्यवेक्षकों/कर्मचारियों एवं केऔसुब (गोशिलि ईकाई) के लिए **हिंदी भाषण प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय था **गोशिलि से जुड़े अविस्मरणीय अनुभव।**



**श्रीमती वरलक्ष्मी गोरंतला**
सचिवीय एवं विधि

**प्रथम**



**श्रीमती अनिषा नाईक**
मानव संसाधन एवं प्रशासन

**द्वितीय**



**श्री श्रीधर गावडे**
इलेक्ट्रिकल भंडार

**तृतीय**



## हिंदी कार्यशाला:

राजभाषा विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार प्रत्येक तिमाही में न्यूनतम एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाना अनिवार्य है। इस श्रृंखला में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत मूल रूप से हिंदी में किए गए कार्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से **दिनांक 27 सितंबर 2023** को अधिकारियों/पर्यवेक्षकों/कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। हिंदी कार्यशाला के संचालन हेतु **डॉ. शुभ्रता मिश्रा,** लेखिका को अतिथि संकाय के रूप में आमंत्रित किया गया। गोशिलि के 56 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### प्रोत्साहन योजनाएं:

गोवा शिपयार्ड में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अनेक प्रोत्साहन योजनाएं हैं, जिनके अंतर्गत पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाते हैं।

1. हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने हेतु प्रोत्साहन योजना
2. अंग्रेजी के अलावा हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने के लिए आशुलिपिक और टाइपिस्ट के लिए प्रोत्साहन योजना
3. हिंदी पत्रिका 'गोवायार्ड दर्शन' में छपी उत्कृष्ट रचनाओं के लिए पुरस्कार योजना
4. दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले हमारे कार्मिकों के बच्चों के लिए प्रोत्साहन योजना

### ■ कार्मिकों के बच्चों के लिए प्रोत्साहन योजना:

गोशिलि कर्मचारियों के बच्चों को हिंदी सीखने के लिए प्रेरित करने तथा हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए संचालित दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले हमारे कार्मिकों के बच्चों में से दो बच्चों को प्रथम तथा द्वितीय स्थान स्वरूप क्रमश: 2500/- रुपए एवं 1700/- रुपए की नकद राशि के पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र समापन समारोह के दौरान प्रदान किए गए।

#### ✦ दसवीं कक्षा:



**कुमारी तेजश्री गौरीश नाईक**
सुपुत्री श्रीमती माधवी गौरीश नाईक
मानव संसाधन एवं प्रशासन



**आदित्य राजेश हिरेमठ**
सुपुत्र श्री राजेश एम. हिरेमठ
मानव संसाधन एवं प्रशासन

## ■ हिंदी पत्रिका 'गोवायार्ड दर्शन' में छपी उत्कृष्ट रचनाओं के लिए पुरस्कार योजना:

राजभाषा हिंदी के प्रचार–प्रसार में गति प्रदान करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष नियमित रूप से गृह पत्रिका गोवायार्ड दर्शन का प्रकाशन किया जाता है एवं चयनित लेख और कविता रचनाकृति के लिए पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

गोवायार्ड दर्शन (अप्रैल–सितंबर 2022) में प्रकाशित लेखों में से सर्वश्रेष्ठ तीन लेखों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

### ■ लेख श्रेणी:

प्रथम पुरस्कार **महिला सशक्तिकरण** के लिए श्रीमती प्रीतिमा सिंह, द्वितीय पुरस्कार **बारिश और छुट्टी** के लिए श्री मंगेश शेट्ये एवं तृतीय पुरस्कार **अनुशासन** के लिए पलाश जैन को प्रदान किया गया। पलाश जैन की अनुपस्थिति में उनकी माँ श्रीमती छाया जैन ने पुरस्कार ग्रहण किया।



श्रीमती प्रीतिमा सिंह
वाणिज्य

प्रथम



श्री मंगेश शेट्ये
बिजली घर

द्वितीय



पलाश जैन
सुपुत्र श्रीमती छाया जैन

तृतीय

### ■ कविता श्रेणी:

प्रथम पुरस्कार **पेड़ लगाओ–जीवन बचाओ** के लिए भव्यांशु यादव, द्वितीय पुरस्कार **ज़िन्दगी** के लिए श्रीमती स्मिता कौशेज वैज एवं तृतीय पुरस्कार **माँ** कविता के लिए प्रथमेश पुरुषोत्तम भट को प्रदान किया गया। भव्यांशु यादव एवं प्रथमेश भट की अनुपस्थिति में उनके पिता क्रमश: श्री बिरेन्द्र कुमार यादव एवं श्री पुरुषोतम भट ने पुरस्कार ग्रहण किया।



भव्यान्शु यादव
सुपुत्र श्री बिरेन्द्र कुमार यादव

प्रथम



श्रीमती स्मिता कौशेज वैज
मानव संसाधन एवं प्रशासन

द्वितीय



प्रथमेश पुरुषोत्तम भट
सुपुत्र श्री पुरुषोत्तम भट

तृतीय

गोवायार्ड दर्शन (अक्तूबर 2022 – मार्च 2023) में प्रकाशित लेखों में से सर्वश्रेष्ठ तीन लेखों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## ■ लेख श्रेणी:

प्रथम पुरस्कार **भारत भाग्य विधाता** के लिए कुमारी विपुला विवेक सैल, द्वितीय पुरस्कार **भारत एक कृषि प्रधान देश** के लिए श्री विलास पी. सावंत भोंसले एवं तृतीय पुरस्कार **गुणवत्ता आश्वासन एवं विश्वसनीयता** के लिए श्री उत्पल राणे को प्रदान किया गया। कुमारी विपुला विवेक सैल की अनुपस्थिति में उनके पिता श्री विवेक सैल ने पुरस्कार ग्रहण किया।



कुमारी विपुला विवेक सैल
सुपुत्री श्री विवेक सैल
प्रथम



श्री विलास पी. सावंत भोंसले
पेंट शॉप
द्वितीय



श्री उत्पल उल्हास राणे
गु आ एवं वि
तृतीय

## ■ कविता श्रेणी:

प्रथम पुरस्कार **हावड़ा से बैंडल** कविता के लिए श्री सौगत कुमार पालित एवं द्वितीय पुरस्कार **सुख** कविता के लिए श्री रमीज राजा को प्रदान किया गया।



श्री सौगत कुमार पालित
मानव संसाधन एवं प्रशासन
प्रथम



श्री रमीज राजा
वित्त
द्वितीय

गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण दिनांक 30 सितंबर 2023 को श्री बृजेश कुमार उपाध्याय, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

# विश्व हिंदी दिवस

## राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन



राजभाषा हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए हर साल 10 जनवरी को 'विश्व हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। विश्व हिंदी दिवस का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है, क्योंकि अब हिंदी भाषा विश्व स्तर पर स्थापित हो चुकी है। इस अवसर पर केंद्र एवं राज्य सरकार के कार्यालय राजभाषा हिंदी में सरकारी काम काज करने का संकल्प लेते हैं एवं हिंदी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन और संचालन करते हैं। विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा का प्रचार प्रसार करना एवं संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को अधिकारिक भाषाओं की सूची में शामिल करना है। वर्ष 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने प्रति वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस की घोषणा की थी। अत: प्रति वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है । 13वें विश्व हिंदी सम्मेलन का का थीम है – हिंदी पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक।










गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में विश्व हिंदी दिवस (10 जनवरी) के उपलक्ष्य में दिनांक 12 जनवरी 2024 को राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री बृजेश कुमार उपाध्याय, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड थे। राजभाषा संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. शुभ्रता मिश्रा, विज्ञान लेखिका एवं कवयित्री को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में हिंदी पर अपने विचार प्रस्तुत किए। संगोष्ठी में उपस्थित सदस्यों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। संगोष्ठी का संचालन श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने किया।

## कंप्यूटर पर हिंदी टाइपिंग प्रशिक्षण के लिए व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम

केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, नई दिल्ली द्वारा संचालित हिंदी वर्ड प्रोसेसिंग/हिंदी टाइपिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे बैच (फरवरी – जुलाई 2024 सत्र) के लिए गोशिलि के 20 कर्मचारियों (लिपिकीय स्टाफ) को नामांकित किया गया है। हिंदी टाइपिंग प्रशिक्षण सत्र के लिए परीक्षा जुलाई 2024 माह में आयोजित की जाएगी। केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली एवं गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के तत्वावधान में 20 से 22 मार्च 2024 तक गोशिलि कर्मचारियों के लिए कंप्यूटर पर हिंदी टाइपिंग के लिए व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम गोशिलि और केवी–1 (कंप्यूटर लैब) में आयोजित किया गया। अतिथि संकाय, श्रीमती पूनम ओसवाल, संयुक्त निदेशक (टाइपिंग/शॉर्टहैंड), सीएचटीआई, नई दिल्ली द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। उन्होंने व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं के विभिन्न प्रश्नों का समाधान किया और कंप्यूटर हिंदी टाइपिंग पर आगामी जुलाई 2024 परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन भी किया।





# राजभाषा कार्यान्वयन समिति (राकास) की तिमाही बैठक



श्री बृजेश कुमार उपाध्याय, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में दिनांक 16 सितंबर 2023 एवं 16 दिसंबर 2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की क्रमश: 98वीं एवं 99वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान गोशिलि में राजभाषा हिंदी गतिविधियों के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यशाला का आयोजन के अलावा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी संगोष्ठी के आयोजन का निर्णय लिया गया। हिंदी पुस्तकालय के लिए नई हिंदी पुस्तक खरीद के विषय में चर्चा के पश्चात निर्णय लिया गया। राकास समिति ने गोशिलि के आंतरिक अनुभागों/विभागों में हिंदी की प्रगति बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों की स्थिति की समीक्षा की गई।

## ■ 'गोवायार्ड दर्शन' अप्रैल-सितंबर 2023 का विमोचन

दिनांक 16 दिसंबर 2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 99वीं बैठक के दौरान श्री बृजेश कुमार उपाध्याय, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा कैप्टन जगमोहन, निदेशक (निगमित योजना परियोजना एवं व्यापार विकास), श्री सुनील एस. बागी, निदेशक (वित्त) एवं अन्य राकास सदस्यों की उपस्थिति में गोवा शिपयार्ड लिमिटेड की गृह पत्रिका 'गोवायार्ड दर्शन' अप्रैल–सितंबर 2023 का विमोचन किया गया।



# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की छमाही बैठक

राजभाषा विभाग के दिनांक 22 नवंबर 1976 के का.आ.सं. 1/14011/12/76–रा.भा. (का.–1) के अनुसार देश के उन सभी नगरों में जहाँ केन्द्र सरकार के 10 या इससे अधिक कार्यालय हों, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर भारत सरकार के सचिव (राजभाषा) की अनुमति से किया जाता है।

केन्द्र सरकार के देश भर में फैले हुए कार्यालयों / उपक्रमों / बैंकों आदि में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के मार्ग में आ रही कठिनाईयों को दूर करने के लिए एक संयुक्त मंच की आवश्यकता महसूस की गई, ताकि वे सभी कार्यालय / उपक्रम / बैंक आदि बैठकर चर्चा कर सके। फलत: नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन करने का निर्णय लिया गया।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की बैठक

दिनांक 25 सितंबर 2023 को अपराह्न 15.00 बजे नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण गोवा के सितंबर माह की बैठक डॉ. एन. विनोदकुमार, आईपीओएस, अध्यक्ष, मुरगांव पत्तन प्राधिकरण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में गोशिलि की ओर से श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने भाग लिया। डॉ. सुस्मिता भट्टाचार्य, उप निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, मुंबई क्षेत्र ने बैठक में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया। बैठक में तकनीकी साधनों का उपयोग करते हुए हिंदी कार्यान्वयन के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण गोवा की बैठक में पुरस्कार

राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट निष्पादन के लिए केन्द्रीय सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम और बैंकों को दक्षिण गोवा, नराकास द्वारा राजभाषा रोलिंग शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं। गोवा शिपयार्ड लिमिटेड को वर्ष 2022-23 में राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट निष्पादन के लिए तृतीय स्थान पर राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया। राजभाषा रोलिंग शील्ड और प्रमाण पत्र श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने ग्रहण किया।



# सतर्कता जागरूकता सप्ताह







केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार, 30 अक्टूबर 2023 से 05 नवंबर 2023 तक गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2023 (वीएडब्ल्यू–2023) **'भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें'** थीम के साथ मनाया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2023 का उद्घाटन समारोह 30 अक्टूबर 2023 को गोशिलि में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ गोशिलि के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अप्रनि, निदेशकों और मुख्य सतर्कता अधिकारी के हाथों पारंपरिक दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसके बाद समारोह में उपस्थित निदेशकों, सीवीओ, अधिकारियों और कर्मचारियों को अप्रनि द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। **सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2023** अभियान का एक फोकस क्षेत्र पीआयडीपीआय (पब्लिक इंटरेस्ट डिस्क्लोजर एंड प्रोटेक्शन ऑफ इन्फॉर्मर रेजोल्यूशन, 2004) के विषय में जागरूकता फैलाना था। इस पहल के अनुरूप, गोशिलि ने उद्घाटन समारोह के दौरान पीआयडीपीआय पर जागरूकता दर्शाती एक लघु फिल्म प्रदर्शित की और व्यापक स्तर पर जागरूकता के लिए इसे यूट्यूब चैनल पर भी अपलोड किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2023 के संबंध में संदेश देने के लिए अप्रनि, गोशिलि द्वारा ऑडियो संदेश 92.7 बिग एफएम रेडियो चैनल पर भी प्रसारित किया गया। शिकायत प्रबंधन पर सीवीसी के निर्देशों के अनुसार, गोशिलि के सतर्कता विभाग ने 'गोशिलि सतर्कता शिकायत प्रबंधन प्रणाली' (गोशिलि वीसीएमएस पोर्टल) नामक एक ऑनलाइन पोर्टल सफलतापूर्वक विकसित कर लॉन्च किया, जो गोशिलि वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने और इसकी प्रभावी ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान करेगा। गोशिलि द्वारा पीआयडीपीआय रिजोल्यूशन पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसका मंचन उद्घाटन समारोह के दौरान गैर सरकारी संगठन गोवा लाइवलीहुड फोरम द्वारा किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2023 दौरान, सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए तथा भ्रष्टाचार और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए गोशिलि कर्मचारियों, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कर्मियों और स्कूली छात्रों के लिए **'भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें'** विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता जैसी विभिन्न घरेलू और बाहरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन आयोजनों को गोशिलि कर्मचारियों और छात्रों ने खूब सराहा।




सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2023 के दौरान गोशिलि के वाणिज्य विभाग के साथ एक विक्रेता बैठक और उसके बाद शिकायत निवारण सत्र आयोजित किया गया। जिन फर्मों/विक्रेताओं ने गोशिलि में कुछ कार्य आदेश निष्पादित किए हैं या निष्पादित कर रहे हैं, उन्हें विक्रेताओं की बैठक के लिए आमंत्रित किया गया था। यह सभी के लिए अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता प्राप्त करने पर विशेष ध्यान देने के लिए आयोजित किया गया था। विक्रेता बैठक कार्यक्रम में 14 फर्मों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस आयोजन में भाग लेने वाली इन फर्मों से निगमन प्रणालीगत सुधार और नियमों और आवश्यकताओं में विचलन के बिना खरीद प्रदर्शन को अनुकूल बनाने के लिए फीडबैक लिया गया।

भ्रष्टाचार मुक्त भारत के प्रति समाज में, विशेषकर युवाओं में, भ्रष्टाचार से उत्पन्न खतरों के अस्तित्व, कारणों और गंभीरता के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के सतर्कता विभाग द्वारा बिट्स पिलानी, के. के. बिड़ला, गोवा कैंपस के सहयोग से सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2023 – **'भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें'** थीम पर अंतर महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 18 अक्टूबर 2023 को बिट्स पिलानी, गोवा परिसर में किया गया। इस प्रतियोगिता में गोवा के विभिन्न 07 कॉलेजों के 30 प्रतिभागियों, अर्थात् बिट्स पिलानी – गोवा परिसर; वूमन कार्मेल कॉलेज; सरकारी कला, विज्ञान और वाणिज्य महाविद्यालय, खंडोला; राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी, गोवा); एमईएस कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स; पार्वतीबाई चौगुले कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस और श्री दामोदर कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स ने भाग लिया।








कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिट्स पिलानी की डीन एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. मीनल कौशिक उपस्थित रही। मुख्य अतिथि ने प्रोफेसर अंशुमन सरकार, एसोसिएट डीन (एसडब्ल्यूडी) और टीम गोशिलि, श्री शशिकांत कांबले, विभाग प्रमुख (मासं एवं प्रशा) और श्री सेबेस्टियाओ फर्नांडीस, अमहाप्र (सतर्कता) की उपस्थिति में भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने की दिशा में छात्रों के साथ अपना ज्ञान और अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का संचालन गोशिलि के उप महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री लोचन कारेकर ने किया। भाषण प्रतियोगिता में **अंग्रेजी श्रेणी में** कार्मेल कॉलेज ने पहला और दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि श्री दामोदर कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स ने तीसरा पुरस्कार जीता, चौथा पुरस्कार एनआईटी, गोवा को मिला। **हिंदी श्रेणी में** – कार्मेल कॉलेज ने पहला पुरस्कार जीता और दूसरा पुरस्कार बिट्स पिलानी, गोवा को मिला। तीसरा और चौथा पुरस्कार क्रमशः एनआईटी, गोवा और चौगुले कॉलेज को मिला ।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2023 के दौरान क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण और जागरूकता सत्र शामिल था। गोशिलि के सतर्कता विभाग ने विभिन्न मुद्दों पर गोशिलि के अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए कुल 05 प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जो सीवीसी द्वारा विशेष जोर दिए गए विषयों पर आधारित थे। दिनांक 25 अक्तूबर 2023 को प्रशिक्षण सत्र का संचालन श्री महेश चंद्र, सीवीओ, एमडीएल और एचएसएल ने किया जिसमें 24 लोगों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का विषय था: (1) पीएसयू और एमएसएमई खरीद के लिए खरीद नीति और प्रक्रियाएं और (2) शिकायत प्रबंधन तंत्र। इस सत्र में गोशिलि के वरिष्ठ अधिकारी और गोशिलि में सार्वजनिक खरीद से जुड़े अन्य अधिकारी शामिल थे। दिनांक 27 अक्तूबर 2023 को श्री के. राजेंद्रन, सीनियर डीजीएम (पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन, क्षेत्रीय मुख्यालय, बेंगलुरु) द्वारा 'नैतिकता और शासन' विषय पर एक इंटरैक्टिव सत्र का संचालन गोशिलि नामांकित के अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया। सत्र में कुल 30 कार्यकारी अधिकारियों ने भाग लिया। श्री विजय दत्त कगीता, सीवीओ, मुरगांव पत्तन प्राधिकरण ने – 'निवारक सतर्कता के माध्यम से भ्रष्टाचार का मुकाबला' विषय पर नामांकित गोशिलि अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। सत्र में कुल 24 अधिकारियों ने भाग लिया। गोशिलि कर्मचारियों को साइबर धोखाधड़ी और उसके निवारक उपायों के बारे में शिक्षित करने के लिए साइबर स्वच्छता पर जागरूकता सत्र भी

आयोजित किया गया। गोवा शिपयार्ड रिक्रिएशन क्लब, चिकालिम, वास्को – गोवा में गोशिलि कर्मचारियों के लिए सतर्कता जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया।

गोशिलि ने ग्राम पंचायत गिरि, म्हापसा, गोवा में दिनांक 02 नवंबर 2023 को एक जागरूकता ग्राम सभा का आयोजन किया। गोशिलि टीम ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सीवीसी की भूमिका और आम जनता के लिए उपलब्ध शिकायत निवारण तंत्र के बारे में बताया। इसमें सीवीसी वृत्तचित्र दिखाए गए, जिसमें भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला गया और गोवा लाईवलीहुड फोरम द्वारा पीआईडीपीआई संकल्प, 2004 पर नुक्कड़ नाटक भी प्रदर्शित किया गया। पंचायत के सरपंच ने अपना संबोधन दिया और अपने गांव में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए गोशिलि को बहुत–बहुत धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में पंचायत सदस्यों, ग्रामीणों और छात्रों ने भाग लिया।



दिनांक 02 नवंबर 2023 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2023 के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए गोशिलि में 04 नवंबर 2023 को समापन समारोह आयोजित किया गया इस अवसर पर गोशिलि के अप्रनि श्री बी. के. उपाध्याय ने समारोह में उपस्थित निदेशकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित किया।



# स्वच्छता पखवाड़ा–2023
## (01 से 15 दिसंबर)







दिनांक 01 दिसंबर 2023 को स्वच्छता पखवाड़ा के उद्घाटन समारोह के अवसर पर गोवा शिपयार्ड लिमिटेड अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। प्रत्येक व्यक्ति ने स्वेच्छा से स्वच्छता के कार्य के लिए प्रति सप्ताह 100 घंटे समर्पित करके देश को स्वच्छ रखने की शपथ ली। प्रशिक्षु प्रशिक्षण केंद्र के छात्रों द्वारा गोशिलि के भीतर और बाहर विभिन्न प्रमुख स्थानों पर हमारे परिवेश, शहर और देश को स्वच्छ रखने का संदेश पहुँचाने हेतु अनेक रंगीन पोस्टर और बैनर लगाए गए। इस कार्यक्रम में लगभग 60 लोगों ने भाग लिया।

गोवा शिपयार्ड लिमिटेड मुख्य द्वार से न्यू मटेरियल गेट तक मार्च पास्ट के दौरान प्रशिक्षु स्कूली छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के पोस्टर और बैनर के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान का संदेश लोगों तक पहुँचाया। इन पोस्टरों ने आस–पास के क्षेत्रों में जनता और स्थानीय आबादी को स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित किया और देश को स्वच्छ रखने में हमारे योगदान का महत्व समझाया। इस गतिविधि में लगभग 40 लोगों ने भाग लिया।









दिनांक 03 दिसंबर 2023 को स्वच्छता पखवाड़ा के तीसरे दिन गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने गोशिलि से चिकालिम सर्कल तक एकल उपयोग वाले प्लास्टिक अपशिष्ट प्लॉगिंग और संग्रहण अभियान चलाया। सभी प्रकार के प्लास्टिक कचरे जैसे प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक की बोतलें, डिब्बे और अन्य प्रकार के प्लास्टिक आदि को उठाकर सफाई की गई। सफाई अभियान के दौरान प्रतिभागियों के पास कचरा संग्रह के लिए एक बैग था। इस सफाई कार्य में लगभग 20 लोगों ने भाग लिया। लगभग 10 किलोग्राम प्लास्टिक कचरा उठाया गया और क्षेत्र को आम जनता के उपयोग के लिए साफ सुथरा बनाया गया।

स्वच्छता पखवाड़े के 5वें दिन दिनांक 05 दिसंबर 2023 को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने एक संगठित और कुशल कार्य स्थान बनाए रखने के प्रयास के रूप में कार्यालयों में सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में कार्यालय की फ़ाइलों की पूरी तरह से छंटाई और सफाई की गई। इसका उद्देश्य था कि सभी फ़ाइलों पर फ़ाइलों की संख्या और नाम लिखकर फ़ाइल सिस्टम को व्यवस्थित करें और फ़ाइल खोजने में समय की बर्बादी बचाएं। उपरोक्त उन दस्तावेज़ों की पहचान की गई जो अब प्रासंगिक नहीं है और उन्हें इकट्ठा कर उनका वर्गीकरण कर उचित निपटान किया गया। जिन गोपनीय और संवेदनशील दस्तावेज़ों की अब आवश्यकता नहीं थी, उन्हें कंपनी की डेटा सुरक्षा नीति का पालन करते हुए सुरक्षित रूप से निपटाया किया गया। साथ ही कार्यालय के फर्नीचर और फोटोकॉपियर मशीन जैसे उपकरणों की भी सफाई की गई।

दिनांक 06 दिसंबर 2023 को स्वच्छता पखवाड़े के छठे दिन गोशिलि द्वारा आसपास के परिसर में हरियाली बनाए रखने के लिए गोवा शिपयार्ड अधिकारी क्लब में वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान में विभिन्न प्रकार के फूलदार, फलदार तथा औषधीय पौधे लगाये गए, जो पौधे लगाए गए उनमें से कुछ जामुन, कटहल फल देने वाले, नोनी – औषधीय पौधे और अन्य फूल वाले पौधे थे। उक्त वृक्षारोपण अभियान से आस–पास हरियाली बढ़ाने और ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे आसपास के इलाकों में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाने में भी मदद मिलेगी इस अवसर पर लगभग 20 पौधे लगाए गए।






दिनांक 06 दिसंबर 2023 को ही गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों और अधिकारियों एवं केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों के बच्चों के लिए ड्राइंग, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'स्वच्छ भारत अभियान' था। इस थीम में बच्चों ने हमारे देश को स्वच्छ रखने के विभिन्न विचारों को दर्शाते हुए सुंदर और रंगीन चित्र प्रस्तुत किए। निबंध से पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में उनकी जागरूकता बढ़ाने में मदद मिली, स्वच्छ भारत के बारे में रचनात्मक अभिव्यक्ति का मौका मिला। इस प्रतियोगिता ने बच्चों को लीक से हटकर सोचने, अद्वितीय विचारों के साथ अपनी रचनात्मक क्षमता का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया, जो उनकी कल्पना और रचनात्मकता को दर्शाता है। इस गतिविधि में कुल मिलाकर 40 जूनियर और सीनियर बच्चों ने भाग लिया।

स्वच्छता पखवाड़ा के 7वें दिन दिनांक 07 दिसंबर 2023 को प्रशिक्षु प्रशिक्षण केन्द्र के स्टाफ द्वारा प्रशिक्षुओं के लिए एकल उपयोग प्लास्टिक और अन्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करने पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। उन्हें इको–सिस्टम, पर्यावरण और वन्य जीवन पर प्लास्टिक प्रदूषण के प्रभाव, रिसाइक्लिंग के तरीकों और प्लास्टिक के उचित निपटान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पॉलिथीन के बजाय पेपर बैग, कपड़े के बैग जैसे प्लास्टिक का वैकल्पिक उपयोग करके प्लास्टिक की खपत को कम करने के लिए जागरूक विकल्प चुनने में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका पर जोर दिया गया। इस सेमिनार में 30 प्रशिक्षु छात्रों ने भाग लिया।

दिनांक 08 दिसंबर 2023 को स्वच्छता पखवाड़ा के 8वें दिन, पर्यावरणीय जिम्मेदारी की दिशा में एक सकारात्मक कदम के रूप में फैक्टरी एवं आवासीय परिसर में प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान चलाया गया। विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक जैसे एकल उपयोग वाले प्लास्टिक जिसमें कैंटीन से दूध की थैलियाँ, टूटे हुए प्लास्टिक के हिस्से, प्लास्टिक की थैलियाँ, पॉलिथीन आदि शामिल थे, को उचित निपटान से पहले एकत्र कर अलग किया गया। लगभग 20 किलोग्राम प्लास्टिक एकत्र किया गया और 15 लोगों ने उक्त अभियान में भाग लिया।







दिनांक 08 दिसंबर 2023 को ही स्वच्छता पखवाड़ा के 8वें दिन, लर्निंग एंड डेवलपमेंट टीम द्वारा प्रशिक्षु छात्रों और संविदा श्रमिकों के लिए 'दैनिक जीवन में स्वच्छता का महत्व और कार्यस्थल को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाना' विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रस्तुतकर्ता ने सभी प्रकार की बीमारियों से मुक्त रहने के लिए स्वास्थ्य और व्यक्तिगत साफ–सफाई के महत्व पर ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रतिभागियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता का अभ्यास करने के विभिन्न तरीकों के विषय में बताया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा के 9वें दिन दिनांक 09 दिसंबर 2023 को गोशिलि–वार्ड नंबर 15 वास्को के नजदीकी वार्ड में धूम्रीकरण अभियान चलाया गया। इस धूमन अभियान से मच्छरों, मक्खियों आदि जैसे कीटों को नियंत्रित करने में मदद मिली जो मलेरिया, डेंगू आदि जैसी विभिन्न बीमारियों का मुख्य कारण है। इस अभियान को स्थानीय निवासियों से बहुत सराहना मिली और विभिन्न वेक्टर जनित बीमारियों से सुरक्षा सुनिश्चित की गई।

दिनांक 11 दिसंबर 2023 को स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान गोवा शिपयार्ड लिमिटेड आवासीय कॉलोनी एवं ऑफिसर क्लब में स्वच्छता अभियान में जीएसएल आवासीय कॉलोनी से विभिन्न प्रकार के कचरे जैसे प्लास्टिक कचरा, कागज कचरा, घरेलू कचरा, बायो–डिग्रेडेबल कचरा और गैर–बायोडिग्रेडेबल कचरा एकत्र किया गया और आगे उन्हें उचित निपटान से पहले अलग किया गया। लगभग 50 किलोग्राम प्लास्टिक एकत्र किया गया और 15 लोगों ने अभियान में भाग लिया। साथ ही गोशिलि के सफाई अभियान के अंतर्गत ऑफिसर्स क्लब लॉन क्षेत्र को सूखे पत्तों, प्लास्टिक कचरे आदि जैसे कचरे से साफ किया गया।

दिनांक 12 दिसंबर 2023 को गोशिलि कॉलोनी में पर्यावरणीय जिम्मेदारी की दिशा में एक सकारात्मक कदम के रूप में प्लास्टिक कचरा संग्रहण और निपटान अभियान चलाया गया। विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक जैसे बोतलें, कंटेनर, पैकिंग सामग्री और अन्य रिसाइक्लिंग योग्य प्लास्टिक वस्तुएं एकत्र की गईं। निपटान से पहले इनकी पहचान की गई और तदनुसार उसे अलग किया गया। सरकारी दिशा–निर्देशों और स्थानीय रिसाइक्लिंग विधियों का पालन करके इन प्लास्टिक का उचित निपटान किया गया। लगभग 30 किलोग्राम प्लास्टिक एकत्रित किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान गोशिलि टीम ने गोशिलि कार्यालयों में ई–कचरा निपटान अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस अभियान में जीएसएल कार्यालयों से विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई–कचरा) जैसे टूटे हुए कैलकुलेटर, पुराने कंप्यूटर, कीबोर्ड, माउस, लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर, बैटरी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को एकत्र किया गया और उन्हें उचित निपटान के लिए अलग किया गया। इन्हें निर्धारित स्थानों पर रखा गया है। बाद में ई–कचरे को उचित प्रबंधन के लिए प्रमाणित रिसाइक्लिंग सुविधाओं के माध्यम से रीसाइक्लिंग के लिए भेजा जाएगा। निपटान से पहले यह सुनिश्चित किया गया कि सभी व्यक्तिगत डेटा मिटा दिये गए हैं।

दिनांक 13 दिसंबर 2023 को स्वच्छता पखवाड़ा के 13वें दिन फैक्ट्री परिसर और गोशिलि कॉलोनी में जल निकासी व्यवस्था में सफाई अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कुशल संचालन और पर्यावरण अनुपालन के लिए जल निकासी प्रणाली में स्वच्छता बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इस अभियान में नाली के पानी के मुक्त प्रवाह के लिए जल निकासी में रुकावट को रोकने के लिए मलबे, सूखी पत्तियों आदि को हटाना आवश्यक था। गोशिलि ने एक नियमित रखरखाव कार्यक्रम भी शुरू किया और उचित अपशिष्ट निपटान कार्यप्रणाली के लिए अपने कर्मचारियों को शिक्षित किया। उपरोक्त प्रयासों ने फैक्ट्री और आवासीय परिसर में स्वच्छ जल निकासी व्यवस्था में योगदान दिया। उक्त अभियान से करीब 80 किलो कूड़ा निकाला गया।

स्वच्छता पखवाड़ा के 14वें दिन दिनांक 14 दिसंबर 2023 को गोशिलि में परिवहन विभाग से मोगरा गेट तक स्वच्छता पर जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया। इस रैली में हमारे परिवेश और समाज को स्वच्छ रखने का संदेश फैलाने के लिए हिंदी और अंग्रेजी में स्वच्छता नारों द्वारा प्रचार किया गया। रैली के दौरान प्रदर्शित पोस्टरों में अपशिष्ट निपटान के उचित तरीके, रिसाइक्लिंग के तरीके और व्यक्तिगत स्वच्छता संदेश दिखाए गए, जो समाज को, खुद को और अपने आसपास के परिसर को साफ रखने में मदद करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ये सभी सम्मिलित प्रयास हमारे देश को स्वच्छ रखेंगे। इस रैली में कुल 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

स्वच्छता पखवाड़ा के 15वें दिन दिनांक 15 दिसंबर 2023 को गोशिलि द्वारा निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के दौरान विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विभाग प्रमुख (मानव संसाधन एवं प्रशासन) और अपर महाप्रबंधक प्रशासन ने बच्चों को पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता के दौरान प्रदर्शित उनके प्रदर्शन के लिए सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया। इस समारोह में बच्चों के साथ–साथ उनके माता–पिता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और इस समारोह को सफल बनाया।






- **सभी रोगों की एक दवाई, घर में रखों साफ सफाई।**
- **हर नागरिक का हो यही सपना, स्वच्छ हो पूरा भारत अपना।**
- **धरती, पानी, हवा रखों साफ, वरना आने वाली पीढ़ी नहीं करेंगी माफ़।**

# स्वच्छ भारत अभियान 3.0

गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में दिनांक 2 से 31 अक्तूबर 2023 तक स्वच्छ भारत अभियान 3.0 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में स्वच्छता के प्रति जागरुकता के उद्देश्य से छात्र / छात्राओं के लिए गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में दिनांक 13 अक्तूबर 2023 को अपराह्न 16.00 बजे से कक्षा छठवीं से आठवीं के लिए **स्वच्छ भारत – हरित भारत** विषय पर ड्राइंग / पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा कक्षा नौवीं से बारहवीं के लिए **स्वच्छ भारत अभियान** विषय पर अंग्रेजी / हिंदी में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों ही प्रतियोगिताएं गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के एमसीएमवी बिल्डिंग स्थित बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित की गई।





स्वच्छ भारत अभियान 3.0 को सफल बनाने में वास्को क्षेत्र में स्थित सभी स्कूलों का बहुमूल्य सहयोग मिला। इस समारोह में बच्चों के साथ–साथ उनके माता–पिता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और इस समारोह को सफल बनाया। ड्राइंग / पेंटिंग प्रतियोगिता में 29 तथा अंग्रेजी / हिंदी में निबंध लेखन प्रतियोगिता में 31 बच्चों ने हिस्सा लिया। ड्राइंग / पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को दिनांक 15 दिसंबर 2023 को स्वच्छता पखवाड़ा के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान उनके प्रदर्शन के लिए एवं उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत किया गया।

# गणतंत्र दिवस समारोह



गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में 76वां गणतंत्र दिवस देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि श्री बृजेश कुमार उपाध्याय, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने गोवा शिपयार्ड के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तत्पश्चात राष्ट्र गान के साथ मुख्य अतिथि को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। समारोह के दौरान गोशिलि के सेरेनेड ग्रुप द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर म्यूनिसिपल हाई स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा रंगबिरंगे परिधानों में देश के विभिन्न भागों की संस्कृति की झलक दिखाते हुए नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति के पश्चात लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट से सारा वातावरण उमंग और उल्लास से भर गया। सब कुछ जैसे देश भक्तिमय प्रतीत हो रहा था।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का जोश भरा प्रदर्शन इजरायली कला पर आधारित 'काराउ मागा' बेहद ही रोमांचित करने वाला था। सभी जवानों की चुस्ती फुर्ती देखते बनती थी और उनकी सजगता से मानो सब कुछ सजीव प्रतीत हो रहा था। बड़े ही सरल और सहज रूप में एक सधे हुए अंदाज में इन जवानो की प्रस्तुति ने सभी को रोमांच से भर दिया था। सभी उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से उनका उत्साहवर्धन किया।







इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने कहा कि गोवा शिपयार्ड की प्रगति के लिए हम सबको एक साथ मिल जुल कर कार्य करने की आवश्यकता है। यदि हम एक दूसरे के साथ मिलकर, कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे तो और अच्छा माहौल होगा और काम भी अच्छा होगा। गोवा शिपयार्ड की ऑर्डर बुक की स्थिति सर्वोच्चतम स्तर पर है। समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए इस प्रतिस्पर्धात्मक दौर में हमें स्वयं को अपडेट करने की आवश्यकता है। तकनीक के क्षेत्र में हो रहे नित नये परिवर्तनों को अपनाते हुए हमें क्षमता संवर्धन के विषय में अपना प्रयास जारी रखना है और स्वयं को सक्षम बनाना है।





गणतंत्र दिवस के अवसर पर गोशिलि के कर्मचारियों को संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष प्रशंसा पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। इसके अलावा दीर्घावधि सेवा पुरस्कार, कौमी एकता सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों के लिए सर्वश्रेष्ठ टर्नआउट (सबसे अच्छी वेशभूषा) पुरस्कार भी प्रदान किए गए। गणतंत्र दिवस समारोह में कंपनी के निदेशकगण, मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, विभाग प्रमुख, अधिकारी और कर्मचारीगण, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के डिप्टी कमांडेंट और जवान तथा पुरस्कार विजेता उपस्थित थे।



# ‘रन फॉर यूनिटी एंड फिट इंडिया फ्रीडम रन’




गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को गोशिलि ऑफिसर्स एन्क्लेव, चिकालिम से शांतिनगर, वास्को तक उमंग और उत्साह के माहौल में ‘रन फॉर यूनिटी एंड फिट इंडिया फ्रीडम रन’ मैराथन का आयोजन किया गया। विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 200 उत्साही प्रतिभागियों ने 5 किलोमीटर ‘रन फॉर यूनिटी और फिट इंडिया फ्रीडम रन’ में भाग लिया।

रक्षा मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम ‘रन फॉर यूनिटी एंड फिट इंडिया फ्रीडम रन’ 5 किमी की मैराथन का आयोजन किया। जिसमें गोशिलि कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्यों, सीआईएसएफ कर्मियों, स्कूल/कॉलेज के छात्रों और आम जनता सहित उत्साही प्रतिभागियों के विविध समूहों ने भाग लिया।

गोशिलि के निदेशक (नियोप एवं व्यावि) कैप्टन जगमोहन ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी। इसके बाद मैराथन को हरी झंडी दिखाई गई और इसी के साथ प्रतिभागियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति का सम्मान करने के लिए जोश और उत्साह से एक साथ दौड़ लगाई।

मैराथन में जोशीली प्रतिस्पर्धा देखी गई और विजेताओं को चार अलग–अलग श्रेणियों में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उल्लेखनीय समर्पण और खेल कौशल का प्रदर्शन करने वाले उत्कृष्ट धावकों को पुरस्कार प्रदान किए गए।




आयोजन के दौरान जलपान, चिकित्सा और आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। वास्को–गोवा शहर के खेलकूद इतिहास में इस आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय स्कूलों, आरटीओ वास्को, गोवा पुलिस और भारतीय खेल प्राधिकरण और स्थानीय प्रशासन ने गोशिलि को उत्कृष्ट सहायता प्रदान की।

रन फॉर यूनिटी एंड फिट इंडिया फ्रीडम रन की भावना और उत्साह ने इस आयोजन को सफल बनाया।

# तैराकी प्रशिक्षण शिविर



गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के कर्मचारियों के बच्चों के लिए तैराकी (स्वीमिंग) प्रशिक्षण शिविर 01 फरवरी से 21 फरवरी 2024 तक शाम 16.00 बजे से 17.00 बजे तक सडा, मुरगांव, वास्को में गोवा खेल प्राधिकरण (स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गोवा) स्विमिंग पूल के समन्वय से आयोजित किया गया। स्वीमिंग कोचिंग कैंप में 6 साल से 18 साल के 30 बच्चे शामिल हुए। प्रशिक्षण शिविर का शुल्क मात्र रु. 1000/– था।

गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के पुरुष कर्मचारियों (अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और कामगारों) के लिए तैराकी प्रशिक्षण शिविर 04 मार्च से 23 मार्च 2024 तक शाम 17.00 बजे से 18.00 बजे तक सडा, मुरगांव, वास्को में गोवा खेल प्राधिकरण (स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गोवा) स्विमिंग पूल के समन्वय से आयोजित किया गया। तैराकी प्रशिक्षण शिविर में 20 कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण शिविर का शुल्क मात्र रु. 1500/– था। प्रशिक्षण हेतु गोवा शिपयार्ड लिमिटेड की ओर से बच्चों के लिए 15.30 बजे एवं कर्मचारियों के लिए 16.40 बजे बस की सुविधा प्रदान की गई।



# क्रिकेट टूर्नामेंट




गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। नेवी चिल्ड्रन स्कूल के मैदान में 5 दिनों (17, 19, 23, 24, 25 दिसंबर 2023) तक चले क्रिकेट टूर्नामेंट में गोवा शिपयार्ड लिमिटेड की कुल 39 टीमों (37 पुरुष टीम और 2 महिला टीम) ने भाग लिया। इन्हें क्रमश: चार (A, B, C एवं D) और तीन (A, B एवं C) ग्रुपों में बांटा गया। कुल 592 पुरुषों और 23 महिलाओं ने भाग लिया। मैच नॉक आउट आधार पर खेले गए।

17 दिसंबर 2023 को श्री सुनील शिवलिंग बागी, निदेशक (वित्त) ने क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। पहला मैच नव निर्माण (वेल्डिंग) D ग्रुप और नव निर्माण (हल) A ग्रुप के बीच खेला गया। टॉस के लिए मैदान में श्री सुनील शिवलिंग बागी, निदेशक (वित्त), श्री शशिकांत शिवाजी कांबले, विभाग प्रमुख (मानव संसाधन एवं प्रशासन), श्री एम. कलयरसन, अपर महाप्रबंधक (प्रशासन), श्री एस. पी. गोपालकृष्णन, अपर महाप्रबंधक (पी एंड पीसी), श्री राजेश हिरेमठ, अपर महाप्रबंधक (कल्याण) और श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) उपस्थित रहे। 25 दिसंबर 2023 को फाइनल मैच नव निर्माण (हल) C ग्रुप और बीएडब्ल्यू के बीच खेला गया। नव निर्माण (हल) C ग्रुप की टीम ने बीएडब्ल्यू को 61 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। महिला टीम में पिंक ब्लॉस्म ने फुल पावर लेडीज टीम को 24 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा किया।








नॉक आउट लीग मैच 5 ओवरों का एवं सेमी फाइनल और फाइनल मैच 8 ओवरों का खेला गया। टूर्नामेंट के मैचों के दौरान नव निर्माण (हल) C ग्रुप टीम ने सर्वाधिक स्कोर 94 रन बनाए और नव निर्माण (वेल्डिंग) D ग्रुप टीम ने न्यूनतम स्कोर 12 रन बनाए। टूर्नामेंट के दौरान गुरूचरण गांवकर (बीएडब्ल्यू) ने सर्वाधिक रन बनाए उन्हें मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। बेस्ट बल्लेबाज का खिताब नव निर्माण (हल) के आकाश ने और बेस्ट गेंदबाज का खिताब भी नव निर्माण (हल) के सागर ने जीता। महिला ग्रुप में वूमैन ऑफ द मैच का पुरस्कार श्रीमती रश्मि को दिया गया।

विजेता एवं उप विजेता का खिताब कैप्टन (निवृत्त) जगमोहन, निदेशक (नियोप एवं व्यावि) द्वारा प्रदान किए गए तथा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज एवं मैन ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार श्री संजय कृष्ण नव्हाले, मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा प्रदान किए गए। महिला टीम को पुरस्कार मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री संजय कृष्ण नव्हाले ने प्रदान किए। पुरस्कार वितरण समारोह में श्री शशिकांत शिवाजी कांबले, विभाग प्रमुख (मानव संसाधन एवं प्रशासन), श्री एम. कलयरसन, अपर महाप्रबंधक (प्रशासन), श्री एस. पी. गोपालकृष्णन, अपर महाप्रबंधक (पी एंड पीसी) और श्री राजेश हिरेमठ, अपर महाप्रबंधक (कल्याण) उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट के दौरान नेवी चिल्ड्रन स्कूल के स्टाफ श्री धनराज और सुधीर जी ने अंपायर की भूमिका निभाई, वहीं कमेंट्री का जिम्मा गोशिलि के श्री तुषार मिस्त्री तथा श्री विक्रम ने संभाला।





# प्रशिक्षण

## ■ सुरक्षा और स्वास्थ्य हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम ■



सुरक्षा और स्वास्थ्य हेतु अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम संबंधी गोवा फैक्ट्री नियमों के नियम 137–ए का अनुपालन करने के लिए, कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के एक इन–हाउस क्रमबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत फैक्ट्री और बॉयलर निरीक्षणालय, गोवा सरकार के संकायों द्वारा एल एंड डी, ट्रेनिंग हॉल, गोशिलि में आयोजित किया गया। दिनांक 06-07 जुलाई 2023 को दो दिवसीय अवधि के तीन बैच आयोजित किए गए, जिसमें नए भर्ती किये गये कर्मचारियों सहित 38 कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यस्थल पर सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, रासायनिक सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, वर्क परमिट प्रणाली, विद्युत सुरक्षा, शोर, मशीन गार्डिंग आदि विषयों को शामिल किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक दो और बैच का प्रशिक्षण आयोजित करने की योजना है।

## ■ एनडीटी स्तर-II संबंधी तकनीकी प्रशिक्षण ■



दिनांक 11 और 14 अगस्त 2023 को लिक्विड पेनेट्रेंट टेस्टिंग में एनडीटी परीक्षण स्तर–II पाठ्यक्रम और दिनांक 17-18 अगस्त 2023 को दो दिनों की अवधि के मैग्नेटीक पार्टिकल टेस्टिंग का आयोजन मेसर्स रिपल नॉनडिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग सेंटर, मडगांव, गोवा के श्री जॉन रोड्रिग्स द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए दिनांक 11 अगस्त 2023 से गोशिलि में किया गया।

उक्त कार्यक्रम कर्मचारियों को लिक्विड पेनेट्रेंट टेस्टिंग और फिल्म इंटरप्रिटेशन टेस्टिंग में विभिन्न स्तरों पर निरीक्षण करने में समर्थ बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया था। थ्योरी कक्षाएं एल एंड डी हॉल में आयोजित की गईं, जबकि मॉक ड्रिल और व्यावहारिक प्रैक्टिकल शॉप फ्लोर पर आयोजित किए गए। कार्यक्रम में गोशिलि के उत्पादन, जहाज मरम्मत और गुणवत्ता आश्वासन और विश्वसनीयता विभागों के 04 अधिकारियों और 08 कर्मचारियों ने भाग लिया, साथ ही 06 म्यांमार नौसेना के प्रतिभागियों भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## ■ पेंट शॉप संबंधी ब्लास्टिंग एवं पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम ■



गोशिलि में दिनांक 12-14 सितंबर 2023 तक मेसर्स ब्लास्टलाइन इंस्टीट्यूट, कोचीन, केरल के संकायों द्वारा तीन दिवसीय उन्नत ब्लास्टिंग और पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एल एंड डी प्रशिक्षण केंद्र में थ्योरी कक्षाओं के पश्चात उत्पादन विभाग के पेंट शॉप में डेमो और प्रैक्टिकल सत्र आयोजित किए गए।

मेसर्स ब्लास्टलाइन इंस्टीट्यूट के श्री ईश्वरमूर्ति, श्री डेन्ज़िल डी'कोस्टा और श्री जिनु जॉय ने पेंटिंग सतह की तैयारी, विशेष उपकरण और एब्रेसिव कोटिंग, विभिन्न कोटिंग उपकरण, सही पेंट टिप का चयन, पेंटिंग दोषों, पेंट शॉप में डेमो और प्रैक्टिकल सत्रों द्वारा ब्लास्टिंग और पेंटिंग उपकरणों की कोटिंग और रखरखाव के लिए निरीक्षण पर आधारित थ्योरी पर कक्षाओं का संचालन किया। पेंट शॉप के कर्मचारियों को ब्लास्टिंग और पेंटिंग की नवीनतम तकनीकों और विकास से परिचित कराने और उन्हें प्रमाणित पेंटर बनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों सहित 30 कर्मचारियों ने भाग लिया।

## ■ श्रमिकों के लिए शिक्षा कार्यक्रम ■



गोशिलि के बाहरी और आंतरिक संकायों द्वारा श्रमिकों के लिए दिनांक 20 दिसंबर 2023 से 19 जनवरी, 2024 तक एल एंड डी प्रशिक्षण केंद्र, गोशिलि में एक महीने का श्रमिक शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को गोशिलि की मुख्य गतिविधियों, कामकाज, नियमों और विनियमों, विभिन्न अधिनियमों, सुरक्षा मानकों और उनसे संबंधित अन्य अनिवार्य आवश्यकताओं से परिचित कराना था। इसके अतिरिक्त, संरचना कौशल, टीम निर्माण, नेतृत्व, प्रेरणा, कार्यालय शिष्टाचार, कार्य जीवन संतुलन, कार्य नैतिकता आदि पर सॉफ्ट स्किल सत्र भी आयोजित किए गए। कर्मचारियों को जहाज निर्माण क्षेत्र में होने वाली दिन–प्रतिदिन की गतिविधियों और प्रगति से भी परिचित कराया गया। कार्यक्रम पूरा होने के बाद प्रतिभागियों को अन्य उद्योगों में अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम कार्यशैलियों से परिचित कराने के लिए जहाज निर्माण उद्योगों में दो दिवसीय औद्योगिक दौरे के लिए भेजा गया। कार्यक्रम में 30 श्रमिकों ने भाग लिया।

## ■ नवनियुक्त कर्मचारियों के लिए प्रेरक कार्यक्रम ■




नवनियुक्त कर्मचारियों को गोशिलि के कामकाज और कार्यप्रणाली से परिचित कराने के लिए दिनांक 25-29 सितंबर 2023 तक गोशिलि, गोवा शिपयार्ड ऑफिसर्स रिक्रिएशन क्लब, चिकालिम, गोवा में बाह्य और आंतरिक संकायों द्वारा 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पनाचे कार्यकारी शिक्षा और कॉर्पोरेट प्रशिक्षण के संकाय सदस्य और प्रशिक्षण सलाहकार डॉ. सिडलिया बोडाडे ने मौखिक और लिखित संवाद कौशल, कार्यालय शिष्टाचार, प्रेरणा, सकारात्मक दृष्टिकोण, नेतृत्व और टीमों में काम करना, मूल्यों और नैतिकता पर बाह्य संकाय के रूप में सत्र आयोजित किए। आंतरिक संकायों ने प्रतिभागियों को संगठनात्मक संरचना और कंपनी व्यवसाय, कैरियर की संभावनाओं, वैधानिक आवश्यकताओं और अन्य संबंधित विषयों के बारे में जानकारी देते हुए सत्र आयोजित किए। कार्यक्रम में 33 नवनियुक्त कर्मचारियों ने भाग लिया।

## ■ नवनियुक्त पर्यवेक्षकों के लिए प्रेरक कार्यक्रम ■

गोशिलि में पर्यवेक्षक के रूप में प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए नए भर्ती किए गए पर्यवेक्षकों को प्रासंगिक नियमों और विनियमों, व्यवहार और दृष्टिकोण से परिचित कराने के लिए, गोवा शिपयार्ड ऑफिसर्स रिक्रिएशन क्लब, चिकालिम, गोवा में दिनांक 23-27 अक्टूबर 2023 तक बाह्य और आंतरिक संकायों द्वारा 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



एमईएस के वसंत जोशी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, जुआरीनगर के संकाय डॉ. एस. सुसान डेबोरा, श्री विलिमन डी सूजा और डॉ. सिडालिया बोडाडे ने बाह्य संकायों के रूप में मौखिक और लिखित संवाद कौशल, मूल्य और नैतिकता, प्रेरणा, सकारात्मक दृष्टिकोण, कार्यालय शिष्टाचार, नेतृत्व और टीमों का प्रबंधन, अनुशासन और परिश्रम, पर सत्र आयोजित किए जबकि, आंतरिक संकायों ने प्रतिभागियों को सीडीए नियमों, सेवा नियमों, स्थायी आदेशों, आईपीआर, आईएसओ, सुरक्षा मानकों, पुरस्कार और मान्यता योजनाओं, संगठनात्मक संरचना और कंपनी व्यवसाय, कैरियर की संभावनाएं, वैधानिक आवश्यकताएं और अन्य संबंधित विषयों  के बारे में जानकारी देते हुए सत्र आयोजित किए। कार्यक्रम में नवनियुक्त 22 पर्यवेक्षकों ने भाग लिया।

## ▪ महिला कर्मचारियों के लिए कार्यक्रम ▪



गोशिलि महिला सेल ने दिनांक 19 जनवरी 2024 को गोवा शिपयार्ड रिक्रिएशन क्लब, चिकालिम, गोवा में महिला कर्मचारियों के लिए पूरे दिन का कार्यक्रम आयोजित किया। उद्‌घाटन सत्र में श्री शशिकांत एस. कांबले, विभाग प्रमुख (मानव संसाधन एवं प्रशासन), सुश्री छाया जैन, अपर महाप्रबंधक (कंपनी सचिव) एवं महिला सेल, गोशिलि की अध्यक्ष और रिसोर्स फैकल्टी सुश्री अंजू राजपूत देसाई, इमर्जिंग माइंड एकेडमी, मडगांव गोवा उपस्थित थे। रिसोर्स फैकल्टी सुश्री अंजु राजपूत देसाई ने 'ब्रेकिंग द ग्लास सीलिंग' और 'पर्सनल ग्रूमिंग' विषय पर सत्र आयोजित किए, जिसमें समूह गतिविधि, खेल, रोल प्ले आदि शामिल थे, जिन्हें प्रतिभागियों द्वारा बहुत सराहा गया और कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में लगभग 78 महिला कार्यपालकों, पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

## ▪ गोशिलि कर्मचारियों और ठेकेदारों के लिए ईएसआय कार्यक्रम ▪





ईएसआईसी अधिकारियों ने 22 फरवरी 2024 को एमसीएमवी कॉर्पोरेट बिल्डिंग, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में गोशिलि कर्मचारियों (ईएसआय के अंतर्गत आने वाले और गोशिलि में ईएसआय संबंधी मामले हेतु नियुक्त कर्मचारियों सहित) के लिए ईएसआय योजना और बीमाकृत व्यक्ति को मिलने वाले लाभों पर सत्र आयोजित किया। सुश्री सुनीता राणे, अधीक्षक, लाभ शाखा, ईएसआईसी क्षेत्रीय कार्यालय, पणजी, गोवा, सुश्री शमा कोलवेकर, शाखा प्रबंधक, शाखा कार्यालय, वास्को, गोवा और डॉ. विट्ठल राणे, आईएमओ ईएसआय डिस्पेंसरी, वास्को-गोवा ने प्रस्तुतियां दीं, जिसके बाद प्रश्नों और शंकाओं का जवाब देने के लिए प्रश्न और उत्तर सत्र आयोजित किया गया। ईएसआय लाभ और अन्य मामलों के संबंध में कर्मचारियों और अनुबंध श्रमिकों की। ईएसआय संबंधी मामलों पर कार्य करने वाले कर्मचारियों और ठेकेदारों और उनके कर्मचारियों सहित कुल 75 गोशिलि कर्मचारियों ने प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया।

आलेख:

# आधुनिक युग में हिंदी के बढ़ते कदम



मेरे सभी भाईयों और बहनों को भारत के अमृत महोत्सव की शुभकामनाएं। सबसे पहले हमें यह जानना जरूरी है कि भारत का अमृत महोत्सव मनाए जाने का क्या कारण है? पहला कारण यह है कि भारत को अंग्रेजी हुकुमत के 200 साल की गुलामी से आजादी मिली थी। दूसरा यह कि देश को स्वतंत्र कराने के लिए जिन स्वतंत्रता सेनानियों ने बलिदान दिया उन्हें हम याद करें। इतनी मुश्किलों और बलिदानों से मिली हुई आजादी को हम भारतवासी प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त के दिन जश्न के रूप में मनाते हैं। यह जश्न हर वर्ष सभी भारतवासियों के लिए महत्वपूर्ण है, परंतु इस वर्ष का जश्न कुछ खास है, क्योंकि हमारे भारत देश को स्वतंत्र हुए 75 साल पूरे हो चुके हैं।

जिस प्रकार से आजादी की लड़ाई जन–जन द्वारा मिलकर लड़ी गई थी, ठीक उसी तरह यह महोत्सव भी जन–जन द्वारा मिलकर मनाया जा सके। इसके माध्यम से आज की युवा पीढ़ी को आजादी के संघर्ष और उसके बाद की चुनौतियों को जानने का अवसर प्राप्त हो सके। आजादी के पूर्व हर एक भारतवासी के मन में एक ही इच्छा थी और वह थी भारत की आजादी। भारत की आजादी के सिवाय और किसी भी चीज का ख्याल उनके मन में नहीं आया। हिन्दी प्रेमी को अनेक मुसीबतों का सामना करना पड़ा, क्योंकि ब्रिटिश सरकार हिंदी भाषा के बिल्कुल खिलाफ थे। इसलिए हिंदी भाषा का प्रचार–प्रसार नहीं हो सका और वह राष्ट्रभाषा नहीं बन सकी। महात्मा गांधी, तिलक उनकी भाषा अलग थी। कोई महाराष्ट्र से था, तो कोई गुजरात से था। इस तरह हर एक स्वतंत्रता सेनानी अलग अलग राज्यों से आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे। उन्हें एक दूसरे की भाषा जानने और समझने में बड़ी कठिनाई होती थी। इसलिए हिन्दी भाषा, जो एक सरल भाषा है और सबको समझ में आती है, उसका उपयोग किया गया। भारत के संविधान में राष्ट्र की अपनी एक भाषा होनी चाहिए और हिन्दी भाषा को सर्व सहमति से संविधान के लिए उचित माना गया।

आजादी के पश्चात हिन्दी भाषा में अनेक परिवर्तन सामने आए। अंग्रेजी के साथ हिन्दी टंकण की भी शुरुआत हुई। टाईपराइटर से लेकर संगणक (कंप्यूटर) तक का कामयाब सफर हिन्दी भाषा ने बखूबी निभाया। सबसे पहले आवश्यक सॉफ्टवेयर निर्मित किए गए इसके बाद अनेक पैकेज आए। इसके अंतर्गत एक सॉफ्टवेयर आया, जो द्विभाषी डाटाबेस प्रबंधन प्रणाली के नाम से जाना जाता है। रोमन लिपि के सभी साफ्टवेयर पैकेज में हिंदी का कार्य किया जा सकता है। यूनिकोड तकनीक ने हर काम को आसान किया है। संगणक से रोमन अंग्रेजी में टाईप करके उसे देवनागरी हिन्दी में प्राप्त कर सकते हैं। आज इंटरनेट के साथ अन्य अनेक तकनीकी सूचना सोशल नेटवर्किंग साइट्स मौजूद हैं, जिससे हमारा काम और आसान हो गया है। आजादी से पूर्व हमें हिन्दी में टाईपिंग करते समय अनेक मुसीबतों का सामना करना पड़ता था जैसे कि एक बार टाईप किए गए वाक्यों को बदलने के लिए उसी वाक्य को फिर से टाईप करना पड़ता था। कभी–कभी तो एक वाक्य तथा एक गलत शब्द के लिए पूरा पत्र फिर से टाईप करना पड़ता था। फिर इलेक्ट्रॉनिक टाईपराइटर ने सामान्य टाईपराइटर की जगह ले ली और कुछ हद तक टाइपिंग करने वालों को थोड़ी सी राहत मिली क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक टाईपराइटर में वाक्यों को बदलने तथा उसमें सुधार लाने हेतु कुछ सुविधा रहती थी।

परंतु हिन्दी टाइपिंग करने वालों को राहत तभी मिली जब टाईपरायटर की जगह संगणक ने ले ली। संगणक का पूरी जनता को यह फायदा हुआ कि संगणक में ऐसी सुविधा प्राप्त है कि उससे टाईप होनेवाला वाक्य समय–समय पर बदला तथा संशोधित किया जा सकता है। पहले जिनका हिंदी का ज्ञान मिडिल स्तर तक का नहीं है, उन्हें प्रशिक्षण पाने हेतु कार्यालयों से

प्राज्ञ तथा प्रवीण पाठ्यक्रमों के लिए नामांकन किया गया, परंतु बाद में पारंगत ने अपनी जगह बनाई। जिन कर्मचारी ने किसी परीक्षा में हिन्दी द्वितीय तथा तृतीय भाषा के रूप में उत्तीर्ण की है, उन्हें पारंगत पाठ्यक्रम के लिए उचित समझा गया। पारंगत परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सरकार की तरफ से नकद पुरस्कार दिया जाता है। आज आप देख रहे हैं कि हम कार्यालयों में अधिकारियों का नाम पट्ट, पद बायलिंग्युल (अंग्रेजी के साथ हिन्दी) में बनाया जाता है। सम्मान के तौर पर हमने हिन्दी भाषा को ऊपर और अंग्रेजी भाषा को नीचे का स्थान दिया गया है।

संगणक ने जब अपना पहला कदम रखा, तब हम हिन्दी के सभी कामकाज लीप ऑफिस सॉफ्टवेयर में करते थे। परंतु धीरे धीरे लीप ऑफिस सॉफ्टवेयर में नया संस्करण आने की वजह से लीप ऑफिस की जगह यूनिकोड ने ले ली। इसके बाद एक से बढ़कर एक नए संस्करण आने शुरू हो गए। गूगल ट्रान्सलेट जिसमें मैन्यूअल टाइपिंग के साथ–साथ आप वायस टाइपिंग भी कर सकते हैं। आप गूगल ट्रान्सलेट को खोलकर जो भी चीज आपको टाईप करनी हैं उसे अपने आवाज से टाईप कर सकते हैं। गूगल में और एक चीज मिलती है जिसकी ज्यादातर लोगों को जरूरत होती है। वह चीज है ऑटो स्पेल चेक। अंग्रेजी भाषा एक सरल भाषा हैं, परंतु हिन्दी भाषा में अनेक मात्राओं का प्रयोग बार–बार होता है। जिसको इन मात्राओं की जानकारी नहीं हैं, उन्हें हिन्दी में लिखना बहुत कठिन हो जाता है, इसीलिए ज्यादातर लोगों को ऑटो स्पेल चेक का बहुत बड़ा फायदा होता नजर आ रहा है। इसके द्वारा आप बड़े ही सरल तरीके से हिन्दी का प्रयोग कर सकते हैं। आज अंग्रेजी की तरह हिन्दी में भी वेबसाईट का प्रयोग हो रहा है। सोशल मीडिया जैसे कि समाचार पत्र, टेलीविजन, सिनेमा, फेसबुक, व्हाट्सप आदि समाज को प्रभावित करने में शक्तिशाली उपकरण रहे हैं, जिनकी वजह से समाज में जागरूकता आ रही है। नई संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग हमें सशक्त बनाने के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में किया जा सकता है। विभिन्न प्रकार के जनसंचार माध्यमों की मदद से, वे विभिन्न अभियानों के आयोजन में मदद भी कर सकती हैं। नई प्रौद्योगिकियां हमें नए कौशल प्राप्त करने का अवसर प्रदान कर रचनात्मकता कार्यों को करने में सक्षम बनाती है और बदले में अधिक सीखने के लिए उनकी प्रेरणा को बढ़ाते हैं। सिल्वर स्क्रीन, टेलीविजन, यू–ट्यूब, फेस–बुक, इन्स्टाग्राम, मैसेंजर, स्नेप चेट, ट्विटर हमारी छिपी प्रतिभा को खोज करने की दिशा में महत्वपूर्ण रही हैं। इन नए उपकरणों से समय की बचत होती है और हम कम समय में बहुत सारा काम कर सकते हैं। संगणक की एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि उसमें मेमोरी ही जिससे ढेर सारी चीजों को मेमोरी में बंद करने की विशेष सुविधा है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए हम आज यह कह सकते हैं कि हिंदी भाषा ने अंग्रेजी भाषा की तरह हर मुकाम पर अपना कदम बढ़ाया है।

**हिंदी भाषा देशज भाषा, निज भाषा अपनाएं ।**
**खुद ऊंचा ऊठे, राष्ट्र को भी ऊंचा ले जाएं ।।**

**स्वाति डी. सुर्लकर**
मानव संसाधन एवं प्रशासन



# चुभते सवाल



आज जब वर्ष 2024 के प्रथम माह में ही भव्य दिव्य विशाल अलौकिक एवं दुनिया के नये आश्चर्य के रूप में श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठित होने जा रहा है, तब यह हर जागरुक भारतवासी के लिए चिन्तन, मनन और मंथन करना आवश्यक हो जाता है कि आजादी के 75 वर्षों बाद रामराज्य स्थापित होने की दिशा में देश ने कितने कदम बढ़ाएं, कैसे कदम बढ़ाएं, मंजिल कितने कदम अभी दूर है।

इन प्रश्नों पर विचार करने के लिए निम्नलिखित आँकड़ों, तथ्यों पर दृष्टि डालना आवश्यक हो जाता है:

(1) आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा 29 करोड़ निरक्षरों का देश है।

(2) सुरक्षित पेयजल के बिना जीने वाला दुनिया का हर तीसरा व्यक्ति भारत में रहता है।

(3) 70% ग्रामीण महिलाएं आज भी निरक्षर है।

(4) 39% भारतीय सरकारी गरीबी रेखा से नीचे है।

(5) हर साल कुपोषण से मरने वाले 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की संख्या दस लाख से भी ज्यादा है।

(6) 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर प्रति हजार 93 है।

(7) दुनिया के कुपोषितों में से 19 करोड़ लोग भारत में ही रहते हैं।

(8) दुनिया के भूखे लोगों की 23 फीसदी आबादी भारत में ही रहती है। मतलब दुनिया के हर चौथे भूखे का निवास भारत में है।

(9) 5 साल से कम उम्र के 38% बच्चे कुपोषण में जाने को विवश है। भारत में 8.4 करोड़ बच्चे आज भी स्कूली शिक्षा से वंचित है।

(10) 14.5% आबादी को भूखों रात गुजारनी पड़ती है।

(11) भारत की 53% संपत्ति पर 1% आबादी का कब्जा है। 10% आबादी के पास 76.3% संपति की मल्कियत है। तथा बाकी 90% के हक में केवल 23.7% संपत्ति है। सबसे गरीब आबादी के हिस्से महज 4.17% संपत्ति है।

(12) एक तरफ दुनिया के 200 अरबपति भारत में रहते हैं, तो 75% आबादी का प्रतिदिन का खर्चा 2 डालर प्रति व्यक्ति से भी कम है।

(13) दुनिया में सबसे ऊँची बाल मृत्यु दर भारत में है। हर तीन मिनट में एक बच्चा प्राण त्याग देता है।

(14) युवा उम्र की 51% महिलाएं एनीमिया से पीड़ित है।

(15) आज भारत में 25 लाख लोग एड्स से संक्रमित है।

(16) आज भी भारत की 70% आबादी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है।

(17) 2019-21 के बीच ऋण, दिवालियापन आदि कारणों से 16854 किसानों और कृषि श्रमिकों ने आत्महत्या कर ली।

(18) शहरों में रहने वाले आधे भारतीयों को सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं है।

(19) हमारे 40% सांसद दागी है जिनमें 25%, पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज है। सोलहवीं लोकसभा के हर तीसरे सांसद पर आपराधिक मुकदमा दर्ज है।

(20) हमारे सभी सांसद करोड़पति है। प्रत्येक के पास औसत 38,33 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिनमें 53 तो अरबपति हैं।

(21) वर्ष 2022 में महिलाओं से बलात्कार के 4,45,256 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें 31,677 नाबालिक महिलाओं से संबन्धित है। हर घंटे चार बलात्कार और हर चार घंटे में सामूहिक दुष्कर्म की घटना हो रही है।

(22) कन्या (0-6 वर्ष) भ्रूण हत्या की दर 919 है।

(23) लैंगिग असमानता सूचकांक में दुनिया के 152 देशों में भारत का स्थान 127वां है।

(24) भारत में औसत हर घंटे एक महिला दहेज संबंधी कारणों से मौत का शिकार होती है।

**स्रोत:**

(1) विश्व बैंक, स्टेट ऑफ फूड सेक्यूरिटी एंड न्यूट्रीशन रिपोर्ट इन द वर्ल्ड, 2017

(2) क्रेडिट सूईस स्विटजरलैण्ड

(3) राष्ट्रीय आपराधिक रिकार्ड ब्यूरो (NCRB)

(4) संयुक्त राष्ट्र विकास क्रार्यक्रम (UNDP)

(5) विश्व आर्थिक मंच (WEF)

(6) एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्मस (ADR)

श्री रामजन्म भूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ हम यह सपना देख सकते हैं, जब हमारा देश 2047 में आजादी की शताब्दी मना रहा होगा, तब हर भारतवासी खुशहाल होगा और सही अर्थों में रामराज्य की कल्पना साकार होगी।

**राम राज्य बैठे त्रैलोका । हरषित भए गए सब सोका ।।**
**बयरु न कर काहू सन कोई । राम प्रताप विषमता खोई ।।**
**दैहिक दैविक भौतिक तापा । राम राज नहिं काहुहिं व्यापा ।।**
**सब नर करहिं परस्पर प्रीती । चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती ।।**
**चारिउ चरन धर्म जग माहीं । पूरि रहा सपनेहुं अघ नाहीं ।।**
**राम भगति रत नर अरु नारी । सकल परम गति के अधिकारी ।।**

**प्रीतिमा सिंह**
वाणिज्य विभाग

# जरा सोच समझकर



लोग एक दूसरे से कहते हैं जरा सोच समझकर काम करना। यह एक मुहावरा हो गया है जो बार–बार सुनने से हमें कई बार गुस्सा भी आता है। हम अगर शांत रहकर सोचें तो सोच और समझ में इतना ही फर्क है जितना कि देखने और अंधेरे में टटोलने में होता है। हम सोचते ही इसलिए हैं, क्योंकि हम समझते नहीं।

जब समझ आती है तो सोचना विदा हो जाती है। सोचने में विचार अंदर ही अंदर घूमते रहते हैं। सोचने में अनुमान होता है, तर्क होता है, फिर भी सही और गलत का पता नहीं चलता।

सोचने में प्रश्न पैदा होते हैं, पर उत्तर नहीं मिलते। समझ के साथ कोई प्रश्न नहीं बल्कि उत्तर है। समझदारी से लिए गए फैसले कभी गलत नहीं होते। सोचने से हम सिर्फ अपने दिमाग पर जोर डालते हैं, लेकिन अंत में कोई पर्याय नहीं मिलता। सोचते रहते हैं कि ऐसा कैसे हुआ, क्यों हुआ, किसने किया, क्यों किया इत्यादि .......... पर जहाँ हम अपने आप को समझते हैं, अपने सोच विचारों को समझते हैं तब आपको पूरी तरह से उसका जवाब मिलता है और वो जवाब 100% सही रहता है, अपने आप को खुद से ज्यादा कोई नहीं समझ पाता है। इसलिए अपनी सोच को अपनी ही समझदारी से समझ लेना चाहिए और अपने जीवन में सोच समझकर फैसला लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

**दक्षता देसाई**
नव निर्माण हल

**काव्यांजलि:**

# औरत दिन भर घर में करती क्या है ?



एक महिला से जब एक पुरुष ने पूछा कि वर्किंग वुमन हैं या हाउस वाइफ तो
उस महिला का जवाब वास्तव में दिल को छू लेने वाला था।
मैं फुल टाईम वर्किंग वुमन हूँ, कुक हूँ, वेटर हूँ,
सर्वेंट हूँ, टेलर हूँ, पार्ट टाईम धोबी हूँ, कामवाली बाई हूँ,
अपने बच्चों के लिए मैं ट्यूशन टीचर हूँ,
घर के बुजुर्गों के लिए नर्स हूँ,
मेहमानों के लिए मैं रिसेपशनिस्ट हूँ,
सज–धज कर जाती बहू का मॉडल हूँ,
हर वक्त घर में उपस्थित सिक्यूरिटी गार्ड हूँ,
अपने पति के लिए मित्र हूँ, प्रेमिका हूँ, पत्नी हूँ
और अपने बच्चों के लिए तो जैसे मैं अलादीन का चिराग हूँ
मेरे कोई वर्किंग अवर्स नहीं, कोई वेतन नहीं,
कोई भत्ता नहीं, कोई छुट्टी नहीं,
ना कोई प्रमोशन, ना कोई इंक्रीमेंट,
और इसके बावजूद भी मुझसे पूछा जाता है कि
आखिर मैं दिन भर घर में करती क्या हूँ?

**सौगत कुमार पालित**
मानव संसाधन एवं प्रशासन

काव्यांजलिः

# वक्त का खेल



वक्त का खेल बहुत अजीब
और निराला होता है।
वक्त पे किसी को सहारा
तो किसी को किनारा मिलता है।।

जिनका वक्त खराब होता है
उनको ना किनारा ना सहारा मिलता है।
वक्त वक्त की बात है मेरे दोस्त
कोई डूब जाता है तो कोई आवारा मिलता है?

जवानी में अंधे होकर हरदम
काम और पैसे के पीछे हम भाग रहे हैं ।
बुढ़ापे में वही पैसे लेकर हम
अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं?

वक्त देखने के लिए बहुत से
माध्यम निकाले हैं हम इंसानों ने।

लेकिन घर में लोगों को
वक्त पर वक्त देना नहीं सीखा हम इंसानों ने?

वक्त सबको देना है लेकिन
अपनी सेहत के लिए भी थोड़ा वक्त निकाल लेना है।
स्ट्रेस थोड़ा कम करके अपने दोस्तों और परिवार के साथ
थोड़ा हंसी मजाक भी कर लेना है?

वक्त का ज्यादा गुरुर और घमंड
हमे कभी नहीं करना है।
क्योंकि हमारा वक्त आने पर
हमे भी भगवान को प्यारा हो जाना है?

वक्त किसी को राजा
तो किसी को रंक बना देता है।
बेसहारा लोगों की मदद कर देना साथियों
क्योंकि यह वक्त कभी वापस नहीं आता है?

**योगेन्द्र अडरकर**
नव निर्माण (वेल्डिंग)

# तुमसे मिलने आया हूँ



तुमसे मिलने आया हूँ
मैं जैसा हूँ, वैसे ही आया हूँ
अपने ही हुलिये में आया हूँ
हाँ ..... .. ये बात है कि
आँखों में सपने लेके आया हूँ
दिल में अरमां लेके आया हूँ
आखिर तुमसे जो मिलने आया हूँ..

जिन्दगी के पुराने पन्नों को
फिर से पढ़ने आया हूँ
पुरानी यादों को ताजा करने आया हूँ
आखिर तुमसे जो मिलने आया हूँ..
लफ्ज़ों का कारीगर हूँ

फिर भी इशारों की जुबानी लेके आया हूँ
आखिर तुमसे जो मिलने आया हूँ......

आँखों के लिफाफों में जज्बातों को छुपाके आया हूँ
अक्सर पीछे रह जाती हैं चश्मे से तेरी आँखे
उनसे बतियाने आया हूँ
आखिर तुमसे जो मिलने आया हूँ..

मैं अपने वादों पे कायम हूँ
ये तुम्हें बताने आया हूँ
पढ़ लूंगा तेरी आँखों को
ये खुद से वादा करके आया हूँ
आखिर तुमसे जो मिलने आया हूँ......

वक्त की उन दीवारों को तोड़ने आया हूँ
तेरे लिए मैं क्या हूँ, ये तेरी आँखों में देखने आया हूँ
आखिर तुमसे जो मिलने आया हूँ..

**रफी शेख**
प्रशिक्षु प्रशिक्षण केंद्र

# सच्चा दिलदार



हर रोज सुबह होती है
सूरज की किरण चमकती है।
इस किरण की रोशनी के साथ–साथ
पापा तेरी याद बहुत सताती है।।

कौन पूछेगा हाल मेरा अब
कौन समझेगा मेरे दिल का दर्द।
एक ही थे तुम सुननेवाले
भगवान जैसे मेरे हमदर्द।।

पापा तेरी ये लाडली
तेरे प्यार को तरसती है।
हो गई बिल्कुल आज अकेली
बारिश की तरह बरसती है।।

दुल्हन के रूप में मुझे देख के
तुम फूट–फूट के रोए थे।
आँखों से गंगा बहती थी
जब मुझे गले से लगाया था।।

मेरे हिस्से में ज्यादा था
पापा तेरा प्यार दुलार।
तेरे जाने के बाद जान गई
क्या होता है पापा का प्यार।।

तेरे प्यार दुलार की पागल थी
तेरी ही दीवानी थी।
सच कहती हूँ पापा तेरे प्यार में
मेरी झोली अब तक नहीं भरी।।

तेरे आंगन की ये चहकती चिड़िया
चहकना अब भूल गई।
तेरे बगीचे की ये महकती कली
तुझे तरस के मुरझा गई।।

इतनी दूर तुम चले गये कि
मुलाकात अब मुमकिन ही नहीं।
कभी सपने में ही आ जाओ
मेरी तमन्ना है बस यही।।

बिन बताए मेरी भूख–प्यास
पापा तुम ही समझते थे।
मेरे पसंद की हर चीज
मुझे बिना मांगे मिलती थी।।

पूरी जिंदगी मैं याद करूंगी
पापा तेरा प्यार दुलार।
दुआ करती हूँ अगले जन्म में मिले
तू ही पापा सच्चा दिलदार।।

**लीना परुलेकर**
वाणिज्य विभाग

## गोशिलि संदर्शन के दौरान अप्रनि के साथ



नीति आयोग के माननीय सदस्य
पद्म भूषण, पद्मश्री डॉ. वी. के. सारस्वत



रियर एडमिरल संजय दत्त, वीएसएम
कमांडेंट, कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट





महानिरीक्षक भीष्म शर्मा, टीएम
सीओएमसीजी (पश्चिम)



वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, पीवीएसएम, एनएम,
नौसेना उपप्रमुख


हर काम देश के नाम
गोवा शिपयार्ड लिमिटेड
उत्कृष्टता के प्रति कृतसंकल्प
105 M AOPV
FPV
1957 से भारतीय रक्षा क्षेत्र को मजबूती प्रदान करते हुए
Frigate
NOPV
हमारे पदचिन्ह
उत्पाद विवरण
NOPV
FPV
Simulators
AOPV
STS
MFPV
FIB
SLOPV
Fuel Barge
प्रमाणन
QM 006
EM 005
CRISIL CREDIT RATING
Long - Term "AAA"
Short - Term "A1+"
गोवा शिपयार्ड लिमिटेड
(रक्षा मंत्रालय का उत्कृष्ट निष्पादित शिपयार्ड )
संपर्क करें :- fpg_office@goashipyard.com, contactus@goashipyard.com
www.goashipyard.in
goashipyardltd
GoaShipyardLtd